वर्ष:9, अंक: 338
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर,
बुधवार
24 अप्रैल, 2024
मूल्य रु. 2.00

कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं



1 400 पार का नारा इसलिए दिया गया 2 दहेज में नहीं मिली कार तो विवाहिता को कर 3 धीरेंद्र शुक्ला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में

न्यूज गैलरी

### भारत तोड़ो की राजनीति तुरंत बंद करे कांग्रेस पार्टी: प्रमोद सावंत

पणजी/नई दिल्ली। कांग्रेस नेता विरियाटो फर्नांडीस के गोवा पर भारतीय संविधान थोपने संबंधी बयान पर राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भयावह करार देते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मैं इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान से स्तब्ध हूं। कांग्रेस को भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। गोवा के मुख्यमंत्री और लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक प्रमोद सावंत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फर्नांडीस के चुनावी सभा में भारतीय संविधान को लेकर टिप्पणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के दक्षिण गोवा उम्मीदवार की टिप्पणियों से स्तब्ध हूं, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय संविधान को गोवावासियों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का पूरे दिल से मानना था कि गोवा भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेस ने गोवा की मुक्ति में 14 वर्ष की देरी की। अब, उनके उम्मीदवार ने भारतीय संविधान को कमजोर करने की हिम्मत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को इस लापरवाह भारत तोड़ो राजनीति को तुरंत बंद करना चाहिए। कांग्रेस हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा है। गौरतलब है कि विरियाटो फर्नांडीस दक्षिण गोवा से कांग्रेस के लोक सभा उम्मीदवार हैं।

### नहीं चाहिए देशद्रोहियों और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट

नइ दिल्ली। अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने एक बार फिर ऐसा कुछ कह दिया हा जिससे बवाल शुरू हो गया है। गिरिराज सिंह बिहार के बेगूसराय सीट से मौजूदा बीजेपी सांसद है। पार्टी ने उनपर फिर से दांव लगाया है। गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उन्हें देशद्रोहियों और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट नहीं चाहिए। उनका एक बयान भी वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं कि आप मेरे लिए उन लोगों से कभी वोट न मांगें, जो देशद्रोही हैं, पाकिस्तान परस्त हैं और भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं।

## तिहाड़ जेल में अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल पहुंचा 300 पार, दी गई इन्सुलिन



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद है। शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल लगातार खुद को बीमार बता रहे है। इस मामले पर विवाद थमता नज़र नहीं आ रहा है। इन्सुलिन के मामले पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी लगातार आमने सामने आ रही है। दोनों पार्टियां लगातार बयानबाजी करने से पीछे नहीं हट रही है। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। सोचो के अनुसार जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल बार-बार बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 320 के स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है। अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में बंद रहने के बाद यह पहला मौका है जब उन्हें इन्सुलिन दी गई है। वही इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने हाल ही में तिहाड़ जेल के बाहर जेल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। आपने तो उन्हें तिहाड़ जेल के अधिकारियों से केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध कराने की मांग भी की थी। इस मामले पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है जिस कारण जेल में उनकी धीमी मौत हो रही है। आम आदमी पार्टी नहीं यह भी सवाल उठाया था कि अधिकारी इंसुलिन देने से मना क्यों कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाया गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ब्लड शुगर बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम 'डोज' वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गई। अधिकारी ने बताया कि शाम करीब सात बजे उनका ब्लड शुगर लेवल 217 था, जिसके बाद तिहाड़ में उनकी देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान तिहाड़ के चिकित्सकों को सलाह दी थी कि अगर केजरीवाल की ब्लड शुगर की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है। इस बीच, आम आदमी पार्टी (आप) सूत्रों ने कहा कि तिहाड़ में केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा 320 को पार कर गयी थी। सूत्रों के मुताबिक, यह पहली बार है जब जेल में केजरीवाल को इंसुलिन दिया गया जबकि उनके रक्त में शर्करा की मात्रा पिछले कुछ समय से बढ़ रही है।

## एकजुटता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी, कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है: पीएम मोदी



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के टोंक में चुनावी सभा में बोलते हुए कहा कि मुझे आप सभी का प्यार, आशीर्वाद और उत्साह मिला है। आज हनुमान जयंती का शुभ अवसर है और मैं सभी को इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि राजस्थान ये बखूबी जानता है कि सुरक्षित राष्ट्र और स्थायी सरकार कितनी जरूरी है। इसलिए चाहे 2014 हो या 2019 हो, राजस्थान ने एकजुट होकर देश में भाजपा की ताकतवर सरकार बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दिया था। आपने 25 की 25 सीटें भाजपा को दी थीं। उन्होंने कहा कि एकजुटता ही राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। याद रखिएगा, जब-जब हम बंटे हैं, तब-तब देश के दुश्मनों ने फायदा उठाया है। अब भी राजस्थान को बांटने की पूरी कोशिशें हो रही हैं। इससे राजस्थान को सावधान रहने की जरूरत है।मोदी ने कहा कि 2014 में आपने मोदी को दिल्ली में सेवा का अवसर दिया। फिर देश ने वो फैसले लिए जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन आप सोचिए कि 2014 के बाद भी और आज भी अगर दिल्ली में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या क्या हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस होती, तो जम्मू कश्मीर में आज भी हमारी सेनाओं पर पत्थर चल रहे होते। कांग्रेस होती, तो सीमा पार से आकर दुश्मन आज भी हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते। कांग्रेस होती, तो न ही हमारे फौजियों के लिए वन रैंक-वन पेंशन लागू होती और न ही हमारे पूर्व सैनिकों को 1 लाख करोड़ रुपये मिलते।उन्होंने कहा कि राजस्थान के मेरे भाई-बहन तो कुछ महीने पहले ही कांग्रेस के पंजे से मुक्त हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए, जो जख्म दिए, वो राजस्थान के लोग कभी भी भूल नहीं सकते। कांग्रेस ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में राजस्थान को नंबर 1 बना दिया था और दुर्भाग्य देखिए कि कांग्रेस के लोग विधानसभा में बेशर्मी के साथ कहते थे कि ये तो राजस्थान की पहचान है। मोदी ने कहा कि टोंक में किन असामाजिक तत्वों के कारण यहां की इंडस्ट्री बंद हो गई, ये भी आप जानते हैं। लेकिन, आपने हमारे भजनलाल जी को सेवा करने का मौका दिया है। जबसे भजनलाल जी और उनकी टीम काम पर लगी है, माफिया और अपराधी राजस्थान छोड़कर भागने पर मजबूर हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हनुमान जयंती पर आपसे बात करते हुए मुझे कुछ दिन पहले की एक तस्वीर भी याद आ रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शासन वाले कर्नाटक में एक छोटे दुकानदार को केवल इसलिए बुरी तरह से पीटा गया, क्योंकि वो अपनी दुकान में बैठे-बैठे हनुमान चालीसा सुन रहा था। आप कल्पना कर सकते हैं... कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो जाता है।

## 2024 के चुनाव में पुतिन की एंट्री: शरद पवार



नई दिल्ली। दूसरे चरण का चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अपनी-अपनी रैलियों के दौरान एक-दूसरे पर जुबानी हमले कर रहे हैं। हाल ही में अमरावती में एक रैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से करते हुए उन पर कड़ी टिप्पणी की थी। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, 卐सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद हमें बताते रहते हैं कि पार्टी हर मंगलवार को बैठक आयोजित करती है, लेकिन कोई विचार-विमर्श नहीं होता है। लोग अपनी राय नहीं रख सकते। केवल पीएम बोलेंगे और अपने विचार बताएंगे और लोगों से अपेक्षा करेंगे। सिर्फ सुनो. किसी को एक शब्द भी बोलने की इजाजत नहीं। हाल ही में हमने एक रूसी शासक के बारे में पढ़ा है। और उस शासक का नाम पुतिन है। इस देश के लोग बहुत डरे हुए हैं कि क्या मोदी इस देश में बनने वाले नए पुतिन हैं। गौरतलब है कि विपक्षी दल लगातार पीएम मोदी पर उनकी प्रशासन शैली को लेकर निशाना साधते रहे हैं और उन पर पार्टी में वन मैन शो चलाने का आरोप लगाते रहे हैं।

## विसरा परीक्षण आयी सामने, हत्या के आरोप खारिज, फॉरेंसिक रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी के अंदर नहीं मिला जहर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपराधों का बादशाह माना जानें वाला मुख्तार अंसारी अब इस दुनिया में नहीं है। जेल में अपनी सजा काटने के दौरान उसका निधन हो गया। परिवार का आरोप है कि जेल में मुख्तार अंसारी की हत्या की गयी है लेकिन जो मेडिकल रिपोर्ट सामने आयी है वो कुछ और ही बोल रही हैं। मुख्तार अंसारी को 30 मार्च को सुरक्षा घेरे के बीच गाज़ीपुर में दफनाया गया था। 63 वर्षीय व्यक्ति 2005 से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सलाखों के पीछे था और उसके खिलाफ 60 से अधिक आपराधिक मामले थे। मंगलवार को आई विसरा परीक्षण रिपोर्ट ने %हत्या% के आरोप को खारिज कर दिया क्योंकि गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की फोरेंसिक रिपोर्ट में कोई जहर नहीं पाया गया, जिनकी जेल में सजा काटने के दौरान उत्तर प्रदेश के बांदा के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्तार अंसारी की विसरा जांच रिपोर्ट में जहर की पुष्टि नहीं हुई है। उनके परिवार की ओर से सांसद भाई अफजाल अंसारी ने आरोप लगाया था कि गैंगस्टर से नेता बने अफजल की जहर देकर हत्या की गई है. गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर बांदा जेल से वहां ले जाने के बाद 28 मार्च की रात रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में उनकी मृत्यु हो गई।इससे पहले, गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी के पोस्टमार्टम में पुष्टि हुई थी कि उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। अंसारी के परिवार ने आरोप लगाया है कि जेल में धीमे जहर के कारण उनकी मौत हो गई। अस्पताल के एक वरिष्ठ सूत्र, जिन्होंने पोस्टमार्टम की निगरानी की और रिपोर्ट तक पहुंच बनाई, ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, मुख्तार अंसारी की मौत का कारण दिल का दौरा (मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन) पाया गया। शव का पोस्टमार्टम पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया।

## इंडिया एलायंस ही कर सकता है भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास: जयराम नरेश




नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को आर्थिक विषमता के विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत का तेज, समावेशी और टिकाऊ विकास इंडिया गठबंधन सरकार ही कर सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि पिछले 10 वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेच दिए गए। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आपको ये सब कभी नहीं बताएंगे कि 2012 से 2021 तक देश में बनी संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत आबादी के पास गया है। उन्होंने दावा किया कि देश में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 64 प्रतिशत ग़रीबों, निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग से आता है। रमेश ने कहा, पिछले दस वर्षों में अधिकतर सार्वजनिक संपत्तियां और संसाधन एक या दो कंपनियों के हाथों बेचे गए हैं। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अर्थव्यवस्था में बढ़ते एकाधिकार के कारण महंगाई बढ़ी है। उनके मुताबिक, आज 21 अरबपतियों के पास कुल मिलाकर 70 करोड़ भारतीयों से अधिक संपत्ति है।

## कांग्रेस अपने घोषणापत्र से भारत में नहीं, पाकिस्तान में जीत सकती है चुनाव: हिमंत बिस्वा सरमा



नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने तीखे व्यंग्य में कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का पार्टी घोषणापत्र पाकिस्तान में चुनाव के लिए है। सरमा ने केरल के एर्नाकुलम में कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र इस तरह से तैयार किया गया है कि वे पाकिस्तान में चुनाव जीतें। घोषणापत्र पाकिस्तान के लोगों के लिए ज्यादा और भारत के लोगों के लिए कम है। कांग्रेस और राहुल गांधी के सबसे कटु आलोचकों में से एक, हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि पार्टी ने वादा किया है कि वह तुष्टिकरण के लिए जनता से संसाधन छीन लेगी। हिमंता ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसा घोषणा पत्र बनाया है जो आम जनता से संसाधन छीन लेगा और कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस के घोषणापत्र की सबसे सही तरीके से व्याख्या की है। मैं उन्हें सार्वजनिक बहस के लिए आकर यह दिखाने की चुनौती दूंगा कि यह घोषणापत्र तुष्टिकरण के अलावा कुछ नहीं है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस जनता की मेहनत की कमाई मुसलमानों को देगी। कांग्रेस पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि ये %शहरी नक्सली% मानसिकता, माताओं और बहनों, ये आपका %मंगलसूत्र% भी नहीं छोड़ेंगे। वे उस स्तर तक जा सकते हैं। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि वे माताओं और बहनों के साथ सोने का हिसाब करेंगे, उसके बारे में जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति का वितरण करेंगे।

## दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर सुरक्षा बढ़ाई

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने हनुमान जयंती के मौके पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा के दौरान निगरानी रखने के लिए मंगलवार को जहांगीरपुरी में सुरक्षा बढ़ा दी और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022 में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के मौके पर निकाली गयी शोभायात्रा के दौरान हुई सांप्रदायिक झड़प के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े उपाय किये गये हैं। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी खासकर उन इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है, जहां शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी।

## पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया, एससी ने पूछा- आपके पुराने विज्ञापन जैसा, फिर से जारी करने का आदेश



नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि उसने 67 अखबारों में माफीनामा प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि वह अदालत का पूरा सम्मान करता है और उनकी गलतियों को दोहराया नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के लिए पूरे पेज के विज्ञापनों के समान था। विज्ञापन में पतंजलि ने अधिवक्ताओं द्वारा शीर्ष अदालत में बयान देने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशित करने और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की गलती के लिए माफी मांगी। पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि विज्ञापन की कीमत 10 लाख रुपये है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले एक हफ्ते बाद माफी क्यों दाखिल की गई। जस्टिस कोहली ने कहा कि क्या माफ़ी का आकार आपके विज्ञापनों के समान है? बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। अदालत ने कहा कि आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस विज्ञापन का भी वहीं साइज था? कृप्या इन विज्ञापनों की कटिंग लेकर हमें भेजें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। ये हमारा निर्देश है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अन्य एफएमसीजी भी भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित कर रहे हैं और जनता को धोखा दे रहे हैं। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा कि यह विशेष रूप से शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। जो उनके उत्पादों का उपभोग कर रहे हैं।

## दवाई लेनें गई दो बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता




हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में दो सगी बहनें तीन दिन पूर्व घर से दंवाई लगानें के समय रास्ते से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस से बरामद करनें की गुहार लगाई है ? जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर के गांव अठसैनी निवासी एक व्यक्ति की 12 व 14 साल की दो बेटियां घर से दंवाई लेनें तीन दिन पूर्व गई थी,जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि जल्द ही बच्चियां बरामद कर ली जायेगी।

## लोकसभा चुनाव के चलते जनपद में 24 से 26 अप्रैल को बंद रहेगी शराब की दुकानें -डीएम



हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

जनपद में 26 अप्रैल को चुनाव के चलते डीएम ने 24 से 26 अप्रैल तक शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से जनपद में प्रतिबंध लगाया गया है जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से 26 अप्रैल की शाम 6 बजे तक मतदान खत्म होने तक जनपद में शराब, बीयर और भाँग मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी

## दोस्तों पर रोब जमानें के लिए जीप र में स्टंट करते हुए बना रहे थे रील,कटा 16 हजार का चालान




हापुड़. लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

जनपद क्षेत्र में दोस्तों पर रोब झाड़ने के लिए कार में स्टंट करते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करनें पर पुलिस ने जीप का 16 हजार रुपए का चालान काट दिया ट्रैफिक इंस्पेक्टर उपदेश कुमार ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा जनपद में जीप में स्टंट करते हुए रील बनाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी उन्होंने बताया कि पुलिस ने बाइक चालक की शिनाख्त कर कार का 26 हजार रुपए का चालान काट दिया एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हापुड़ पुलिस जनपद वासियों से अपील करती है कि ऐसा कोई कृत्य ना करें जो विधि विरुद्ध हो।श


## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, महिला की मौत,बेटा गंभीर रूप से घायल, रैफर



हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में मंगलवार को तेज रफ्तार कार एक पेड़ से जा टकराई, जिससे दर्शन करके लौट रही कार सवार दिल्ली निवासी एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे मेरठ रैफर किया गया है। पुलिस ने शव को पीएम को भेज जांच शुरू कर दी जानकारी के अनुसार दिल्ली के शाहदरा के विवेकानंद छज्जूपुर निवासी सुभाष कुमार व उनकी मां दयावती (74) को लेकर कार द्वारा बुलंदशहर के ऊंचा गांव में सिद्ध बाबा के यहां दर्शन करने गए थे। दर्शनों के बाद वे वापस लौट रहे थे थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव वनखंडा स्थित एक पंप के पास तेज रफ्तार कार एक पेड़ से जा टकराई, जिससे कार सवार दयावती की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे मेरठ रैफर किया गया है उन्होंने बताया कि मामलें शव को पीएम को भेज जांच शुरू कर दी


## दहेज में नहीं मिली कार तो विवाहिता को कर दिया घर से बाहर, पति ने जबरन कराया गर्भपात



हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता को दहेज में कार नहीं मिलने पर उसे ससुरालियों ने जमकर पीटा और उसके बाद घर से बेघर कर दिया। किसी प्रकार मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती बताई। जिस पर परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने तो पीड़िता ने महिला थाने में पति सहित नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है गांव सिकंदरपुर काकौड़ी की रहने वाली अंशुल ने बताया कि उसका विवाह 94 मार्च 2022 को जिला गाजियाबाद के थाना मोदीनगर के गांव डबाना निवासी कौशल कुमार के साथ धूमधाम के साथ हुआ था। मायके पक्ष के लोगों ने शादी में अपनी इच्छा के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग दान-दहेज से खुश नहीं थे और गाड़ी की मांग कर रहे थे। जब पीड़िता ने मायके पक्ष को इस बात की जानकारी दी तो उसके साथ मारपीट की गई पीड़िता ने बताया कि 17 जून 2022 को वह गर्भवती थी। तभी पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और पति ने जबरन उसका गर्भपात करा दिया। जिसके बाद उसे घर से बेघर कर दिया गया। किसी प्रकार वह अपने मायके पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों को बेहद समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। जिसके बाद से वह अपने मायके में ही रह रही है। अब पीड़िता ने पति कौशल कुमार, ससुर अमर सिंह, सास जगवती, जेठ राज बहादुर, जेठानी मंजू, अभय रोयल, मानसी, ननद निशा उर्फ गुड़िया, कोमल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

## गर्मी व लू के चलते जनपद के कक्षा-1 से 12 तक स्कूलों में बच्चों की 24 व 25 अप्रैल की रहेगी छुट्टी



कार्यालय-जिला विद्यालय निरीक्षक,हापुड।

पत्रांक मा0/710-14 /2024-25 दिनांक 23-04-2024

कार्यालय आदेश

अत्यधिक गर्मी व लू के कारण छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में जनपद हापुड के कक्षा-1 से 12 तक समस्त बोर्ड के समस्त विद्यालयों में दिनांक 24 व 25 अप्रैल, 2024 को शिक्षण कार्य बन्द रहेगा,परन्तु विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा ऑनलाइन शिक्षण कार्य आवश्यकता अनुसार कराया जा सकता है इसके साथ ही कार्यालय कार्य व अन्य महत्वपूर्ण कार्य यथावत होते रहेगें। सभी प्रधानाचार्य उपरोक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

23/4/24
(ज्योति दीक्षित)
जिला विद्यालय निरीक्षक
हापुड़।

हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

डीएम के निर्देश पर जनपद के कक्षा-1 से 12 तक विद्यालयों में बच्चों की गर्मी व लू के चलते 24 व 25 अप्रैल को शिक्षण कौर्य बन्द रहेगा, परन्तु विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा ऑनलाइन शिक्षण कार्य आवश्यकता अनुसार कराया जा सकता है

डीआईओएस ज्योति दीक्षित ने बताया कि अत्यधिक गर्मी व लू के कारण छात्र/छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में जनपद हापुड के कक्षा-1 से 12 तक समस्त बोर्ड के समस्त विद्यालयों में दिनांक 24 व 25 अप्रैल, 2024 को शिक्षण कौर्य बन्द रहेगा, परन्तु विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा ऑनलाइन शिक्षण कार्य आवश्यकता अनुसार कराया जा सकता है इसके साथ ही कार्यालय कार्य व अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य यथावत होते रहेगें

## गाजियाबाद में कारोबारी की थाने से 900मी दूर गोली मारकर हत्या, हादसा मानकर अस्पताल ले गई पुलिस

गाजियाबाद हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

ट्रॉनिका सिटी थाने से करीब 900 मीटर की दूरी पर फरीदाबाद के कारोबारी भगवान (38) की कमर में गोली मारकर हत्या कर दी। वह लोनी में अपने रुपये लेने आए थे। उनको कॉल कर बुलाया था। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है फरीदाबाद में भगवान पत्नी संध्या और चार बच्चों के साथ रहते थे। वह फरीदाबाद में बिजली (डेकोरेशन) का काम करते थे। उनके भाई मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह उनका भाई घर से लोनी रुपये लेने के लिए गया था। भगवान ने दिल्ली के प्रगति मैदान में एक कार्यक्रम में लाइट लगाई थी। उस कार्यक्रम के रुपये बकाया थे। शनिवार सुबह भगवान को कॉल कर लोनी बुलाया था। उन्हें लोनी में करीब पांच लाख रुपये लेने थे। वह बाइक से लोनी आए। जिस व्यक्ति से रुपये लेने थे। उसके ऑफिस में बैठे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे भगवान का फोन घर पर आया था कि सुबह नौ बजे से बैठे हैं




लेकिन व्यक्ति रुपये लेकर नहीं आया है। इसके बाद भगवान का फोन नहीं आया। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे लोनी पुलिस ने मंगल सिंह को फोन कर भगवान के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी सूचना पाकर परिजन लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में पहुंचे। यहां आकर पता चला कि भगवान की कमर में गोली मार कर हत्या की गई है। भगवान की मौत की खबर सुनने के बाद परिवार में मातम पसर गया। संध्या ने अज्ञात बदमाशों पर गोली मारकर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी। मंगल सिंह ने बताया कि हत्या से कुछ दिनों पहले भगवान की रुपयों को लेकर किसी व्यक्ति से झगड़ा हुआ था। उन्हें आशंका है कि पैसों के विवाद में उनके भाई की हत्या की गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की नजदीक है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा पुलिस एक्सीडेंट मानकर अस्पताल ले गई शनिवार दोपहर ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की अंसल कॉलोनी में एक व्यक्ति सड़क पर पड़ा था। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को तब तक नहीं पता चला कि भगवान को गोली मारी है। एक्सीडेंट मानकर पुलिस लोनी दो नंबर स्थित अस्पताल में ले आई। कुछ देर बाद भगवान के शरीर को चेक किया गया, तो कमर पर गोली के निशान मिले।

## ट्रॉनिका सिटी में ट्रक की टक्कर से फैक्टरी कर्मी की मौत हो गई परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है

लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

बागपत के खेकड़ा में अमित कौशिक परिवार के साथ रहते थे। वह ट्रॉनिका सिटी स्थित एक फैक्टरी में काम करते थे। अमित कौशिक की पत्नी प्रिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति अमित शनिवार को फैक्टरी पर गए थे। फैक्टरी से काम खत्म कर वह अपने चाचा नीरज शर्मा के साथ बाइक पर बैठकर पीली बिल्डिंग चौराहे तक गए। चाचा ने सड़क किनारे बाइक खड़ी की और किसी काम से चले गए। अमित बाइक के पास खड़ा रहा। इस दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से अमित को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



रविवार को अमित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसीपी सूर्यबली मोर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# बेटे की मौत की खबर तीन दिन बाद मिली

लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

गाजियाबाद लोनी। आगरा एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में लोनी के सिल्वर सिटी कॉलोनी निवासी सुदेश कुमार समेत पांच की मौत पर परिवार में मातम पसर गया। मां और पिता को सुदेश की मौत की खबर तीसरे दिन पता चली। बेटे का शव देखकर मां बेहोश हो गई और पिता बेसुध हो गए। घटना से पहले मां और पिता बिहार में शादी में गए थे बिहार के रहने वाले इंद्रदेव तीन साल पहले लोनी में आए थे। इससे पहले वह खोड़ा रहते थे। खोड़ा में उनके दोनों बेटे सुदेश कुमार और सुंदर कुमार की गौतम के साथ दोस्ती हो गई थी। सुंदर अपने चार पार्टनर के साथ मिलकर एक ऑनलाइन डिलवरी कंपनी के लिए काम करता है। सुदेश भी भाई के साथ फील्ड में काम करता था। सुंदर ने बताया कि दोस्त गौतम के भाई संतोष की शादी थी। बारात तिगड़ी से बिहार जा रही थी। शनिवार को सुदेश अपनी कार लेकर पहले तिगड़ी गया। उसकी कार में गौतम और अन्य 6 दोस्त थे। तिगड़ी से आगरा एक्सप्रेस वे पर पहुंचते ही कार का टायर फट गया और इस सड़क हादसे में सुदेश, गौतम समेत पांच युवकों की मौत हो गई। सुंदर ने बताया कि शनिवार देर रात उन्हें सड़क हादसे की सूचना मिली थी। इस घटना से पहले सुदेश की मां सावित्री देवी और पिता इंद्रदेव बिहार में एक शादी समारोह में गए थे। सुंदर ने उन्हें सुदेश की मौत की जानकारी नहीं दी थी बल्कि उन्हें सड़क हादसे की सूचना दी थी। सोमवार सुबह दोनों लोनी अपने मकान पर पहुंचे तब उन्हें जानकारी हुई बेटा का शव देख बेहोश हुई मां घर पहुंचते ही कुछ लोग वहां बैठे हुए थे। घर में घुसते ही बेटे सुदेश का शव देखा। बेटे का शव देखकर वह चीख पड़ी और वहीं बेहोश हो गई। पिता भी अपने बेटे को गले लगाकर रोने लगे। घर में मौजूद अन्य महिलाओं ने सावित्री देवी को होश में लाया। वह भी अपने बेटे के शव से लिपट कर रोने लगी। सुंदर ने अपने माता-पिता को संभाला। सुदेश आईटीआई कर चुका था। सुदेश के पिता एमटीएनएल से रिटायर्ड हैं। अब घर की जिम्मेदार सुंदर पर आ गई है 10 दिनों पहले मनाया था जन्मदिन सुंदर ने बताया कि गौतम और अन्य दोस्तों का उनके घर आना जाना लगा रहता था। सभी में बहुत प्यार था। 10 अप्रैल को सुदेश कुमार का जन्मदिन था, सभी दोस्त आए थे। एक साथ पार्टी की थी। उन्होंने बताया कि सुदेश, गौतम और अन्य दोस्तों की मौत होने के बाद गौतम के भाई संतोष ने शादी नहीं करने का फैसला लिया। घटना के बाद वह मौके पर पहुंचा और अन्य साथियों के साथ मिलकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

## बाबा का प्रकट उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया,लक्खा के भजनों पर झूमे भक्त




हापुड़ लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

आज बाबा का प्रकट उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजी संकीर्तन परिवार की तरफ से बाबा का प्रकट उत्सव सेठ तुलाराम की धर्मशाला हापुड़ में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें गाजियाबाद के प्रसिद्ध गायक रामकुमार लक्खा ने अपने भजनों से सबको मोहित किया और हापुड़ के भी भजन गायक पवन शर्मा और महेश शर्मा जी ने अपने भजनों से सबको मंत्र मुक्त किया मनमोहक झांकी 56 भोग और बाबा का भंडारा खाकर भक्तों ने खूब आनंद लिया इसमें किशन चंद जी, बाल किशन जी, हरीश कुमार गर्ग, सुशील गोयल, मोनू गोयल बालाजी वाले, प्रवीण गोयल, सत्तो जी, अक्षत, सार्थक, और भी आदि भक्तों ने खूब आनंद लिया

## खेल-खेल में दो बहनों ने पिया कीटनाशकः तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को चला पता, इलाज के दौरान दोनों बच्चियों की मौत

लोकजन संदेश मुदिस्सीर अली

बुलंदशहर नगर के मोहल्ला जंगलीपीर में मंगलवार को दो बच्चियों ने खेल-खेल में कीटनाशक पी लिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक के बाद एक कर दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। औरंगाबाद के मोहल्ला जांगलीपीर निवासी नदीम दुबई में नौकरी करता है। बताया गया कि घर पर उनकी पत्नी, बच्चे व अन्य परिजन रहते हैं। मंगलवार दोपहर को उनकी चार वर्षीय पुत्री आफरीन, तीन वर्षीय पुत्री आफिया घर में ही खेल रही थीं। इस दौरान दोनों ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। दोनों बच्चियों की हालत खराब होने पर परिजनों को जानकारी हुई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है



# बसपा सुप्रीमो ने खत्म की बुंदेलखंड से लालाराम अहिरवार की बादशाहत

उरई (जालौन)। लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच बसपा हाईकमान द्वारा झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिलाने के नाम पर कथित तौर 7 लाख की दलाली का जैसे ही भंडाफोड़ हुआ तो बसपा द्वारा तत्काल प्रभार से बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार को हटाकर उन्हें जमीन पर बैठा दिया साथ ही मामले में सहभागी रहे झांसी जनपद के बसपा जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटाकर उनके स्थान पर नया जिलाध्यक्ष बनाया गया।

गौरतलब हो कि जब से बसपा सुप्रीमो द्वारा लालाराम अहिरवार को बुंदेलखंड के दोनों मंडल झांसी व चित्रकूट का बुंदेलखंड प्रभारी बनाया गया तभी से दोनों मंडलों में बसपा को दुर्गति के अलावा कुछ भी नहीं मिला। फ़िर चाहे जिला पंचायत के चुनाव हों या नगरीय निकाय, विधानसभा के चुनाव रहे हों। अब जबकि लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां पूरे उफान पर हैं ऐसी स्थिति में बसपा के बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार द्वारा झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से सपा कार्यकर्ता रहे राकेश कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित करवा दिया गया था। पार्टी कार्यकर्ताओं की मानें तो राकेश कुशवाहा को टिकट दिलाने के नाम पर बुंदेलखंड प्रभारी ने कथित रूप से 7 लाख की दलाली खाए जाने की शिकायत तब कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान तक पहुंचायी और घोषित किये गये प्रत्याशी राकेश कुशवाहा की हकीकत बतायी गयी तो पार्टी द्वारा पूरे प्रकरण की जांच करायी गयी जिसमें मिशनरी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाये गये सभी आरोप शत प्रतिशत सही पाये गये। इसके बाद बसपा सुप्रीमो ने बुंदेलखंड प्रभारी का दायित्व संभाल रहे लालाराम अहिरवार को तत्काल प्रभाव से सभी पदों से मुक्त करते हुये उन्हें जमीन पर बैठा दिया साथ ही पूरे प्रकरण में सहभागी रहे बसपा जिलाध्यक्ष झांसी जयपाल अहिरवार को पार्टी से बर्खास्तगी का फ़रमान सुना दिया इसी के साथ झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी ने नये प्रत्याशी के नाम की घोषणा भी कर दी। वहीं झांसी जनपद में बीके गौतम को जिलाध्यक्ष, जालौन में धीरेंद्र चौधरी व ललितपुर में चंद्रभान अहिरवार को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

**डा. बृजेश को झांसी मंडल व चित्रकूट मंडल की कमान मुकेश को सौंपी**

उरई। अभी तक झांसी व चित्रकूट मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी का दायित्व संभाल रहे लालाराम अहिरवार पर लगे गंभीर आरोपों की पुष्टि होने के बाद बसपा हाईकमान द्वारा तत्काल प्रभाव से लालाराम अहिरवार को पार्टी के सभी पदों से हटाते हुये उन्हें पदमुक्त कर घर बैठा दिया वहीं झांसी मंडल की जिम्मेदारी डा. बृजेश जाटव को सौंपी गयी जबकि चित्रकूट मंडल की कमान मुकेश अहिरवार को दी गयी है। इसी के साथ बसपा में चल रही उठापटक का दौर भी खत्म हो गया। बसपा हाईकमान द्वारा झांसी मंडल प्रभारी डा. बृजेश जाटव के अलावा जगजीवन अहिरवार, चंद्रदत्त गौतम उर्फ राजू गौतम के साथ श्याम पाल उर्फ छुन्नापाल मिलीकर झांसी मंडल में पार्टी के सभी कार्य कराये जाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

**झांसी मंडल के जिला व विधानसभा बार प्रभारी घोषित किए**

उरई। बसपा हाईकमान द्वारा बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार को पद से हटाये जाने के बाद ही जनपद झांसी में जिला प्रभारी रविकांत मौर्या व अमित वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं वहीं जनपद जालौन में जिला प्रभारी जितेंद्र दोहरे, विकल प्रजापति मिलकर पार्टी का कार्य संभालेंगे। जबकि ललितपुर जनपद में जिला प्रभारी कैलाश पाल व रामस्वरूप गौतम अपने स्तर से पार्टी की मासिक बैठकों का आयोजन करेंगे। इसीक्रम में बबीना विधानसभा क्षेत्र में जितेंद्र अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार व हिमालय राजपूत विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। झांसी विधानसभा में देवेंद्र अहिरवार, विवेक वर्मा व घनश्याम कुशवाहा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। मउरानीपुर विधानसभा में अजय अहिरवार, चेतराम भास्कर व जमुनादास पाल को प्रभारी बनाया गया। माधौगढ़ विधानसभा में रविन्द्र गौतम, जितेंद्र राय व महेश कुशवाहा को विधानसभा प्रभारी का दायित्व दिया गया है। जबकि कालपी विधानसभा क्षेत्र में बृजेश गौतम, राजपाल सलौनिया व अतर सिंह पाल को प्रभारी बनाया गया। उरई विधानसभा में डा. देवेंद्र अहिरवार, वीरदास श्रीवास व रामदुलाने कुशवा को विधानसभा बनाया गया। ललितपुर विधानसभा में रामदयाल अहिरवार, तुलसीराम अहिरवार व राकेश कुशवाहा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया। इसीक्रम में महरौनी विधानसभा में रामचरन गोडसे, कांशीराम अहिरवार व प्रेमनारायण पाल को विधानसभा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी में पुलिस ने लिखा मुकदमा

कोंच(कैलिया)। थाना कैलिया के ग्राम धौलपुर निवासी नारायण सिंह पुत्र गयाप्रसाद कुशवाहा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 21अप्रैल 2024 की है। जब में घर पर मौजूद था तभी ग्राम के ही निवासी रोहित पुत्र गंगा शरण निवासी ग्राम धौलपुर आया और अकारण मेरे साथ भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा जिसका मैने विरोध किया तो उक्त मेरे साथ मारपीट करने लगा हो हल्ला सुनकर पड़ोसी आ गए और उक्त को ललकारा तो उक्त जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया नारायण सिंह की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 22/24 धारा 323,504,506 आईपीसी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलाया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कोंच(जालौन)। सरकार के निर्देशानुसार एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दस्तक अभियान दस से 30 अप्रैल के बीच चलाया जा रहा है। जिसमें संचारी रोग की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करते हुए नियमित रूप से हाथ धोना और घर पर स्वच्छता बनाये रखना आदि के वारे में बताया गया और टीकाकरण भी किया जाना है जिसमें एच आई बी हेपेटाइटस ए बी और सी खसरा इन्फ्लूएंजा कोरोना वायरस और रक्तजनित संक्रमण आदि संचारी रोग के अंतर्गत आते है इसी को लेकर दिन मंगलवार को बिकास खण्ड के ग्राम कूंडा पड़री पन्यारा सिमिरिया कैथी दिरावटी भदारी चमर्सेना आदि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर संचारी रोग नियन्त्रण की रैली निकाली गई और लोगों को उसके बचाव के उपाय बताते हुए उन्हें जागरूक किया इस दौरान आंगनवाड़ी शान्ति देवी रचना निरंजन सीमा सचान राज कुमारी रंजना सीमा निरंजन राम मंजनी किरन देवी सहित बच्चे मौजूद रहे।

## गौतस्कर के खिलाफपुलिस ने की एनएसए की कार्यवाही

कोंच(जालौन)। कोतवाली के मुहल्ला आराजी लेन निवासी सोनू उर्फसानू पुत्र शहजाद उम्र करीब 27 बर्ष अपने साथियों के साथ कस्बा व ग्रामों के आस पास गायों की तस्करी करके चोरी से उनका वध कर अवैध धनोपार्जन करता था जिस पर पुलिस ने 14 दिसम्बर 2023 को मुखविर की सूचना पर चौकिंग के दौरान दबोच लिया था उक्त के क्रिया कलापों पर अंकुश लगाने के लिए 13 जनवरी 2024 को उक्त अभियुक्त के साथ साथ सह अभियुक्तों के विरुद्ध भी 2/3 गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई थी जिस पर तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं उच्च अधिकारीगण की संस्तुति के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सोनू के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उप धारा 2 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

## नदीगांव क्षेत्र में आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण किया डीएम,एसपी ने



उरई(जालौन)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी-जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा संयुक्त रुप से कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट व जिला परिषद इंटर कालेज नदीगांव में बने 06 बूथों निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मतदान के दृष्टिगत बूथों पर की गई व्यवस्थाओं जैसे विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय, रैम्प एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया गया तथा मतदान केंद्र पर सुरक्षा संबंधी व आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लोक सभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौजूद ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए कहा कि यहां के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें साथ ही ऐसे लोग जो गांव से अन्य जनपदों या राज्यों में रोज़ी रोज़गार हेतु बाहर गये है। उन सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर मतदान के दिन बुलाकर अवश्य मतदान करायें। इस अवसर पर माधौगढ़ उप जिलाधिकारी सुशील कुमार, क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## धीरेंद्र शुक्ला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस का गारंटी अभियान शुरु



कुठौंद(जालौन)। ज़िला कांग्रेस कमेटी जालौन के ज़िलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सिरसा कलार, मदारीपुर, दमरास, दौनापुर, एवं कुठौद ब्लॉक के अन्य ग्राम में कांग्रेस का गारंटी अभियान शुरू किया गया।जहां गारंटी पत्र कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के पास पहुंचकर सौपा और उनसे आश्वासन लिया। जिसपर की हर न्याय पंचायत पर ये पत्र जाएगे और कांग्रेस की गारंटी लोगों तक पहुंचायी जाएगी और संयुक्त गठबंधन के प्रत्याशी नारायण दास अहीरवार के लिए समर्थन और वोट मांगकर भारी मतों से विजयी बनाने का आवाहन किया। जिस प्रकार बीजेपी सरकार पिछले दस वर्ष से देश के हर वर्ग को प्रताड़ित और शोषण कर रही है। उपरांत इसके भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जारी घोषणा पत्र किस प्रकार आम जनमानस के लिए संजीवनी का काम करने जा रहा है। और कांग्रेस की नीतियों और स्कीम्स को लोगों के बीच रखा और समर्थन मांगा महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए, ग्रेजुएट को एक लाख रुपए सालाना, किसानों को क़ानूनी गारंटी और भागीदारी न्याय के माध्यम से देश को आगे ले जाना और संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे लगातार प्रहार के ख़िलाफ़ जनता को अवगत कराया। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के साथ मोहम्मद फैजानुल हक महासचिव, शहर कांग्रेस कमेटी उरई, राजेश बुधौलिया पूर्व जिला सचिव, हेमंत कुलश्रेष्ठ जिला महामंत्री युवा कांग्रेस, मुख्तार अहमद खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रादेशिक विकास दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जागरूक किया मतदाताओं को




उरई (जालौन)। जिलाधिकारी के आदेशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओ जनता को वोट देने के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम टाउनहॉल परिसर में मुक्ता काशीमंच पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित कराया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित रहें। मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट उरई अजीत जायसवाल उपस्थित रहे, साथ ही अन्य अतिथियों के रूप में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका उरई गिरीशचन्द्र, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा, सदभावना एकता मंच के अध्यक्ष लक्ष्मणदास बाबानी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। योगेन्द्र कुमार, आदर्श, शिप्रा, प्रभा, राधा, गरिमा आदि कलाकारों के द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए एवं महिला मंगल दल आटा की अध्यक्षा त्रिशाकी तिवारी, शालिनी, प्रियका डकोर, ने भी योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन रक्त कणिका श्रीमती ममता स्वर्णकार द्वारा किया गया। अर्चना प्रजापति, प्रकाश सिंह कुशवाहा, विशाल कुशवाहा एवं मैराज अहमद खान आदि युवा कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अंत में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी रवीन्द्र कुमार पटैरिया द्वारा सभी कलाकारों एवं गणमान्य अधिकारियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

कोंच(जालौन)। हिन्दू पंचांग के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर मनाया जाता है। क्योंकि माता सीता ने हनुमान जी को अजर अमर होने का बरदान दिया था इस लिए उक्त तिथि को जयंती की जगह जन्मोत्सव कहना उचित है। इसी को लेकर दिन मंगलवार को नगर के कैलिया रोड स्थित दोहर मन्दिर गढ़ी स्थित प्राचीन मन्दिर गुद रिया हनुमान मंदिर धनुतालाब स्थित लंकेश्वर मन्दिर शम्भूसाह मन्दिर नझाई के हनुमान मंदिर उरई रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर भुंझरया हनुमान मंदिर आदि हनुमान मन्दिरों पर तमाम अनुष्ठानों सहित हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें व्रह्म महूर्त से ही मन्दिरों के पुजारियों द्वारा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त अजर अमर हनुमानजी का अनुष्ठान प्रारम्भ किया गया और नवीन चोला सहित पुष्प बस्त्र सुगन्ध आदि भेंट की गई इसके उपरांत पूजन अर्चन कर हवन करते हुए उन्हें भोग लगाया गया और प्रसाद बितरण किया गया। वहीं हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता मन्दिरों पर लगना शुरू हो गया जहां भक्तों ने हनुमान चालीसा सुंदर कांड का पाठ करते हुए उनकी आराधना की वहीं दोहर मन्दिर पर दोहर कमेटी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाते हुए भण्डारे का आयोजन किया गया इस दौरान पुजारी कमलेश दुबे अंजनी दुबे समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी आनंद दुबे बिनय बाजपेयी लला वाजपेयी अनिल नगाइच धर्मेंद्र ववेले अखलेश दुवे अमरेंद्र दुबे गंगाराम स्वर्णकार साकेत मिश्रा श्रीराम सोनी पिंकेश शुक्ला पप्पू शुक्ला सुधाकर चतुर्वेद वृज किशोर पिपरैया हिमांशु वाजपेयी सन्तोष तिवारी समीर दुवे अनुज नगरिया सहित तमाम हनुमान भक्त मौजूद रहे।



## पालिका सीमा में 19 नए ट्रांसफार्मर तथा 572 पोल लगाने से बिजली सुधार दावा

कालपी(जालौन)। नगरीय निकाय विद्युत विस्तारीकरण योजना के तहत नगर के अलग-अलग स्थानों में भारी क्षमता के नए 19 ट्रांसफार्मरों को स्थापित करके 572 पोल लगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के दावा किया है कि अब विद्युत आपूर्ति पहले से बेहतर मिलेगी। विद्युत उपखंड कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र ने बताया कि विद्युत लोड अधिक होने तथा नई लाइन स्थापित करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई थी। ऊर्जा मंत्रालय तथा नगर विकास विभाग के द्वारा सहमति मिलने पर करीब 7 महीने पहले नगरीय निकाय विद्युत विस्तारीकरण योजना का कार्य आगरा की कार्यदायी संस्था के द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि कालपी नगर के अलग-अलग मोहल्ले में 400 केवीए क्षमता का एक ट्रांसफार्मर स्थापित कराया गया। इसी प्रकार 250 केवीए के सात ट्रांसफार्मर, 100 केवीए के 8 तथा 63 केवीए भार के तीन यानी कुल 19 ट्रांसफार्मरों को स्थापित कराया जा चुका है। कार्यदायी संस्था के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर 572 नए पोल लगाए गए हैं तथा 2 हजार किमी. लंबी केबिल लाइन भी डाली गई है। दरअसल विद्युत विभाग की उक्त योजना का कार्य गुणवत्तापूर्वक हो इसके लिए विभागीय अधिकारियों की देखरेख में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से मिलने लगेगी। ओवरलोडिंग तथा फाल्ट की समस्या अब खत्म हो जाएगी।

## नगर की सार्वजनिक स्थानों में वाटर कूलर तथा टंकी से मिल रहा शीतल एवं शुद्ध जल: अरविंद

कालपी(जालौन)। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि नगर के सार्वजनिक पौशाला में लोगों को पेयजल सुविधाओं के लिए वाटर कूलर स्थापित कराए जा चुके हैं, जिनसे राहगीरों को ठंडे पानी की उपलब्धता मिल रही है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि तहसील परिसर में वाटर कूलर स्थापित कराया जा चुका है। इसी प्रकार फुलपावर चौराहा तथा गल्ला मंडी में भी वाटर कूलर संचालित हो रहे हैं। जबकि दुर्गा मंदिर चौराहे सहित 25 वार्डों में सोलर पानी की टंकी बनाई जा चुकी है। सभी टंकियों से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पानी की टंकियों तथा वाटर कूलरों से राहगीरों, यात्रियों, वकीलों, किसानों तथा दुकानदारों को शुद्ध एवं शीतल जल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए पालिका प्रशासन गंभीर है। उन्होंने बताया कि अभी कई सार्वजनिक स्थानों में वाटर कूलर को स्थापित कराए जाने की योजना पर विचार चल रहा है। ताकि लोगों को शुद्ध एवं शीतल जल के लिए भटकना न पड़े।



## संपादकीय

# बेलगाम हथियार

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में 'हर्ष फायरिंग' के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं?

दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं। पड़ोसी देश से ड्रोन के जरिये हथियार गिराने के अनेक मामलों के बाद हमें खतरनाक मंसूबों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। इस गंभीर स्थिति की निगरानी के लिये पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये सघन अभियान चलाने की जरूरत है।

## नेताजी के जुलूस के रास्ते में काली बिल्ली

ज्ञानी बताते हैं कि, 'काली बिल्ली यदि रास्ता काट जाए तो फिर कार्य स्थगित करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होता!'

यही बात हुई। नेताजी अपने प्रशंसकों समेत, चुनाव का पर्चा डालने निकल रहे थे। जीता-जिताया कंडीडेट था। नारे लग रहे थे, समर्पित समर्थक झूम रहे थे। गुंडों की चतुरंगिणी सेना साथ थी। ऐसे जननायक की जीत, कौन रोकेगा?

जुलूस, कुछ दूर ही गया कि एकदम काली, एक बिल्ली रास्ता काट गई। नाचते-थिरकते सारे कदमों में, इमरजेंसी ब्रेक लग गया। चारों तरफ मुर्दनी छा गई। श्मशानी माहौल में, यह सवाल सबकी जुबां पर था कि, 'इतना बड़ा अपशकुन? '

पंडित जी तत्काल तलब किए गए। स्थिति गंभीर थी, इसलिये पंडित जी गंभीर हुए। कार के बोनट पर पत्रा बिछा लिया। समय व्यतीत हो रहा था। नेताजी व्यग्र होकर, बार-बार पूछ रहे थे कि, 'गुरुजी, अब क्या ? कोई रास्ता निकालिए। '

विपक्षी पार्टी का लीडर, जिसकी जुबान अब तक दबी हुई थी, उसे चिंघाड़ने का मौका लगा था। नेताजी पर्चा भरेंगे नहीं, अब तो विपक्ष को जीतने से कौन रोकेगा? पंडितजी परेशान दिख रहे थे। पंडित जी, पोथियां पलटने में लंबा समय लगा रहे थे। वास्तव में उन्हें भी कुछ समझ नहीं पड़ रहा था। पर्चा भरने का वक्त नजदीक आता जा रहा था। हारके, उन्होंने 'प्रायश्चित' कहानी का स्मरण किया और सोने की बिल्ली तुरंत बनवाने का नुस्खा देते हुए कहा, 'और यदि बिल्ली न बन सके तो बाजार भाव के मुताबिक उसकी कीमत, इंडियन करंसी में तत्काल उन्हें दान में देने से, काली बिल्ली के मार्ग काटने से उत्पन्न कंटक, गारंटीड कट जाएंगेज।'

पंडितजी के मुंह से बात निकलनी थी कि मुत्तन गुरु ने ब्रीफकेस खोल दिया। नेताजी, पंडितजी को एक लमसम अमाउंट थमाते हुए बोले,'पंडितजी, अब आगे बढ़ें! अनुमति है?" बिल्कुल, शुभश्य शीघ्रम ? यजमान! किंतु यदि वह काली बिल्ली मिल जाती, तो उसे गंगा-जल से स्नान कराके, प्राप्तजल का छिड़काव आप पर कर दूं तो हंड्रेड वन परसेंट दोष मिट जाएंगे और विजयश्री आपका आलिंगन करेगी।'आनन-फानन में बिल्ली को पकड़ के लाया गया। वह अत्यंत सहमी हुई थी। पंडितजी, उस काली बिल्ली को नहला रहे थे ।चमत्कार! अद्भुत चमत्कार! बिल्ली को नहलाने पर वह काला रंग छोड़ रही थी। अंत में पता चला वह बिल्ली नहीं, नए जमाने वाला बिल्लीनुमा कुत्ता था, जिसे नेताजी के विरोधियों ने काले रंग से रंगकर, नेताजी के जुलूस के रास्ते में छोड़ दिया था ।जुलूस, फिर से जीवंत हो उठा और धूम-धड़ाके के साथ गंतव्य की ओर बढ़ चला। पंडित जी, एसी कार में बैठे उस घड़ी को कोस रहे थे, जिसमें बिल्ली को नहलाने की बात उन्होंने सोची थी?

# अहंकार रहित सामर्थ्य के प्रेरणा स्त्रोत मारुतिनंदन

पौराणिक चरित्रों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। आध्यात्मिक भाव से जुड़े ऐसे चरित्र भक्ति ही जीवन शक्ति जुटाने का भी मार्ग सुझाते हैं। उनके विचार और व्यवहार परिस्थितियों से जूझने का बल देते हैं। आराध्य मानने के साथ ही उनके गुणों को अपने व्यक्तित्व में उतारने की सोच इंसान का जीवन बदल सकती है। यूं भी भक्ति भाव का अर्थ केवल पूजन-अर्चन तक सीमित नहीं होता। ईश्वरीय शक्ति से जुड़ी आस्था में समाहित संदेशों को व्यावहारिक धरातल पर भी जीना होता है। ऐसा हर संदेश हमारे जीवन को सही दिशा दे सकता है। ईश्वर के इन रूपों में भगवान हनुमान बेहद सहज और सरल लगते हैं। समर्पण के भाव और कार्यकुशलता की बात होते ही बजरंग बली का स्मरण हो आता है। उनसे जुड़ी बहुत-सी बातें आज के समय में भी प्रासंगिक तो हैं ही हमारे जीवन को सार्थकता देने वाली भी है।

सतत सीखते जाना

अतुलित बल और बुद्धि कौशल के धनी होने बावजूद भगवान हनुमान सदैव नया सीखने-समझने वाले रहे। सीखने का यही भाव गुणी बनाने के साथ ही हर परिस्थिति में विजय दिलाने वाला भी रहा। उनके चरित्र में न ज्ञान का दंभ है और न ही कुछ कर दिखाने की शीघ्रता का विचलन। जानने के समझने के भाव के विस्तार देने से ही यह ठहराव पाया जा सकता है। नम्र भाव से कुछ जानने की सोच रखना असल में जीवन का हर पक्ष संवार देता है। साहस और सदाचार को चरित्र में उतारता है। भगवान हनुमान के व्यक्तित्व का यह आयाम हमें भी सदैव अपनी सीखने की यात्रा जारी रखने का संदेश देता है। इसके लिए शांत भाव से दूसरों की बात सुनना आवश्यक है। हमेशा अपनी क्षमता और दक्षता का बखान करते रहने के बजाय वैचारिक स्थिरता का चुनाव आवश्यक है। बजरंग बली हनुमान का चरित्र हमें ऐसे गुणों की ओर मोड़ता है।

विनम्रता भरपूर अहंकार से दूर बल, बुद्धि और विद्या देने वाले भगवान हनुमान का चरित्र बहुत विनम्र है। शक्तिसम्पन्न होने के बावजूद अहंकार से पूरी तरह दूर। अपार शक्ति के स्वामी होने के बाद भी विध्वंस नहीं संवाद का मार्ग चुनते हैं। बजरंग बली का चरित्र सिखाता है कि बलवान होना हमें बड़ा नहीं बना सकता है। विनम्र बनकर तो अपने लक्ष्यों को हासिल करना और सरल हो जाता है। साथ नम्रता का यह भाव कभी अहंकारी भी नहीं बनने देता। ये दोनों ही मानवीय गुणों को बचाए रखती हैं। इस आदर्श व्यवहार के कारण ही हनुमान जी कई अवसरों पर चतुराई से काम लेते हैं पर चालाकी नहीं करते। असल में चतुराई खुद के लिए रास्ता बनाने वाली सोच से जोड़ती है जबकि चालाकी दूसरों के मार्ग में बाधा बनने की सोच लाती है। अहंकारी लोग आमतौर पर दूसरों का रास्ता रोकने का काम करते हैं। विनम्रता ही मन में समर्पण का भाव लाती है। असंख्य गुणों में प्रभु राम के प्रति समर्पित होना हनुमान जी के सर्वोत्तम गुण है। आज के समय में पद, पैसा और पहचान अधिकतर लोगों को अहंकार का शिकार बना रहा है। विनम्रता से



दूर कर रहा है। दूसरों का अपमान करने की विस्तार पाती मानसिकता घर हो या बाहर हर जगह दिख जाती है। आज इस मोर्चे पर श्रीराम भक्त हनुमान जी का जीवन बहुत ही प्रेरणादायक है।

सहजता का भाव

भगवान हनुमान साहसी हैं पर बहुत सहज भी। माना तो यह भी जाता है कि आज के युग में हनुमान जी सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता है। संयम और संतुलन को जीने के बावजूद उनका चरित्र गंभीरता नहीं ओढ़ता। एक सहज भोलापन उनके चरित्र की खासियत है। बच्चे और बड़े सभी भगवान हनुमान से जुड़ाव महसूस कर पाते हैं। यही वजह है कि हिंदू पौराणिक चरित्रों में वायु पुत्र हनुमान सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से पूजे जाने वाले देवताओं में से एक हैं। मौजूदा दौर में भी सहजता आम इंसान को भी अपने समाज और परिवार से जोड़ने वाला गुण है। दृढ़ता के साथ निश्छलता बनाए रखने का यह पावन भाव पवनपुत्र हनुमान जी के चरित्र से सीखा जा सकता है। नागरिकों के व्यवहार में साहस संग सहजता का गुण सामुदायिक जीवन में स्नेह और समरसता को पोस सकता है। एक-दूसरे प्रति किसी भी तरह के भय को बढ़ाने के बजाय एकसूत्र में बांधता है। ईश्वरीय आस्था का यह सबसे सच्चा रूप है।

# परहित सरिस धर्म नहीं भाई



यदि जीवन का उद्देश्य केवल अपने पेट का भरण-पोषण होता तो संभवत: विश्व में सभ्यता और संस्कृति का पतन हो गया होता। संस्कृति का मूलाधार उन तपस्वियों और मनीषियों के जीवन का त्याग है जिन्होंने अपना समस्त जीवन ही संसार के सत्य को जानने के लिए अर्पित किया है। अत- स्पष्ट है कि वास्तव में संस्कृति की पवित्र धारा सदैव जन-कल्याण और लोक-मंगल की भावना से युक्त रहती है।

ज्ञान की दृष्टि से विचार करें तो अपने-अपने जीवन का पालन करना सभी का कर्तव्य है यदि मनुष्य अपने हित के अतिरिक्त दूसरों के हित की भी सोचे तो वह मानवता का धर्म है। जो अपने हित की परवाह किए बिना दूसरों की भलाई के लिए तत्पर रहता है और अपना जीवन भी न्योछावर कर देता है वह सच्चे अर्थों में देवता बन जाता है। वेद व्यास जी ने सभी पुराणों का सार इन शब्दों में प्रकट कर दिया है -

अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम ?।

परोपकार- पुण्याय- पापाय परपीडनम ?॥

अट्ठारह पुराणों की रचना करने वाले व्यास जी ने उन सबका सार दो शब्दों में ही कह दिया कि दूसरों की भलाई ही पुण्य है और दूसरों को कष्ट देना ही पाप है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस भावना को, समस्त धर्मों के सार को इस चौपाई में स्पष्ट कर दिया है -

परहित सरिस धर्म, नहीं भाई।

परपीड़ा सम नहिं अधमाई॥

जब प्राणी सभी के प्रति अपने धर्म को पहचानता है तो यहीं उसकी विश्व दृष्टि हो जाती है। वह 'स्व' और 'पर' की भावना से अलग हो जाता है और सारा विश्व ही उसे अपना परिवार जैसा दिखाई देता है।

हमारी संस्कृति ने 'वसुधैव कुटुम्बकम ?' का जो उपदेश दिया है वह इसी पुनीत भावना पर आधारित है कि जब हम दूसरों के दुख में दुख को अनुभव करते हैं तब दूसरा भी हमारे दुख को अनुभव करता है। अपना जीवनयापन तो पशु भी करता है लेकिन मनुष्य केवल अपने लिए ही नहीं जीता, उसके जीवन का लक्ष्य दूसरों का कल्याण भी होता है। यही संस्कृति की पवित्र धारा है।

आज विश्व में जो उत्पात मचा हुआ है वह इसीलिए है कि लोग अपने-अपने स्वार्थों में खोए हुए हैं। उन्हें दूसरों की कोई परवाह नहीं होती। अपने भले के लिए दूसरों का शोषण करते हैं। उनके जीवन से खेलते हैं। हमारे इतिहास और पुराणों में एक नहीं अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने जीवन को दूसरों के लिए समर्पित कर दिया था। दधीचि, रंतिदेव, शिवि आदि ऐसे उदाहरण हैं। स्वतंत्रता के लिए प्राणों की बाजी लगाने वाले वीरों के जीवन के आदर्श भी यही रहे हैं कि—

निज हेतु बरसता नहीं व्योम से पानी।

हम हों समष्टि के लिए व्यष्टि-बलिदानी॥

# जहां 108 भवनों में विराज रहे अलौकिक आराध्य देव

हिरी-भरी वादियों, नीली पहाड़ियों, घने जंगलों, स्?वर्णिम समुद्री तटों एवं सुंदर झीलों से युक्?त बंगाल की खाड़ी में स्थित उड़ीसा पूर्वी भारत का एक अनमोल रत्न कहलाता है। उड़ीसा में भुवनेश्वर, पुरी, कटक, कोर्णाक अपने अद्वितीय मंदिरों, समुद्र तटों, उत्कृष्ट स्थापत्य व मूर्ति कला एवं धार्मिक स्थलों के लिए विश्व विख्यात हैं।

प्राचीन इतिहास

उड़ीसा ही वह प्रदेश है जो प्राचीन काल में कलिंग देश के नाम से जाना जाता था। ईसा पूर्व चौथी-पांचवीं शताब्दी में ही इस क्षेत्र में समुद्री बंदरगाह विकसित हो गए थे। कलिंग प्राचीन इतिहास में चौथी शताब्दी से प्रसिद्ध हुआ, जब मगध में (पटना के समीप) नंद वंशीय राजा का शासन था। ईसा पूर्व 261 के आस-पास मौर्य वंशीय सम्राट अशोक ने कलिंग पर चढ़ाई कर दी थी, और कलिंग प्रदेश को जीत लिया था। लेकिन कलिंग युद्ध में हजारों सैनिकों के हताहत होने से धरती लाल हो गई थी। इससे आहत होकर सम्राट अशोक ने सदा के लिए युद्ध को त्याग दिया था, और बौद्ध धर्म को अपना लिया था।

आज का भुवनेश्वर कलिंग की राजधानी अथवा कलिंग युद्ध क्षेत्र से केवल कुछ ही किलोमीटर के फासले पर स्थित है। कहते हैं, यह वही स्थान है जहां कलिंग का युद्ध हुआ था। यह स्थान भुवनेश्वर-पुरी सड़क पर दायीं ओर पहाड़ी जैसी जगह पर स्थित है। इसके पास से ही एक धीमी गति से प्रवाहित नदी है, जिसे दया नदी के नाम से जाना जाता है। ऊपर मंदिर तक जाने के लिए अलग रास्ता है। रास्ते के चारों ओर काजू के हरे-भरे बाग हैं। काजू के ये हरे-भरे बाग सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

लिंगराज मंदिर

भुवनेश्वर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए विख्यात है। भुवनेश्वर में लिंगराज का मंदिर सबसे बड़ा और भव्य है। लिंगराज मंदिर को केसरी वंशीय राजाओं ने 11वीं शताब्दी में बनाया था। भुवनेश्वर में स्थित अन्य सभी मंदिरों में से, लिंगराज का मंदिर सबसे विशाल एवं आकर्षक है। मंदिर के शिखर कलश से लहराता केसरिया त्रिकोणीय ध्वज दूर से ही नज़र आता है। यहां दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी में निर्मित अन्य मंदिरों में मुक्तेश्वर, राजा-रानी, परशुराम आदि के मंदिर सुप्रसिद्ध हैं। उड़ीसा को पूर्व का रत्न कहलाने का प्रमुख कारण इसके ऐतिहासिक नगरों भुवनेश्वर, पुरी, कटक आदि हैं। इन जिलों में जितने देव मंदिर, देवी-देवताओं के पूजा स्थल हैं, उतना पूर्वी भारत में संभवत- और कहीं नहीं हैं ।लिंगराज मंदिर चारों ओर से किलेनुमा ऊंची दीवारों के भीतर, एक अलौकिक रूप-छटा लिए विद्यमान है। मंदिर की भव्यता कई शताब्दियों पूर्व भारत में मंदिर निर्माण कौशल को सहज ही दर्शाता है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का विशाल शिवलिंग स्थापित है। यहां प्रतिदिन तीन समय- प्रात-, दोपहर एवं सायंकाल में पूजा-अर्चना की जाती है, और सभी समय भगवान को भोग लगाया जाता है। मिट्टी के एक ही आकार वाले हांडों में प्रसाद के लिए भात-दालमा आदि पकाया जाता है। श्रद्धालुओं, भक्तजनों को इन्हें प्रसाद के रूप में दिया जाता है। ऐसे प्रसाद को महाप्रसाद कहा जाता है। महाप्रसाद यहां का एक विशिष्ट भोजन एवं प्रसाद है।

वास्तुकला निर्माण

लिंगराज मंदिर हिन्दू वास्तुकला निर्माण का एक अद्भुत उदाहरण है। मंदिर की बाहरी दीवारों में पत्थरों को तराश कर बनाई गई विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां एवं मूर्तियां हैं। जीवन के सत्य को दर्शाती मंदिर की भित्ति पत्थरों पर नारी के विभिन्न रूप उकेरे गए हैं। ये आकृतियां विभिन्न मुद्राओं तथा भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में हैं। कहीं दिगंबर अवस्था में जीवन का सच दर्शाया गया है। स्त्री-पुरुष की आकृतियों के अतिरिक्त, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों के चित्र भी अत्यंत सूक्ष्मता से उकेरे गए हैं। पशुओं में सिंहों की संख्या सर्वाधिक है। मंदिर के प्रवेश द्वार शिखर के स्तूपों तथा खम्भों में सिंहों की आकृतियां-मूर्तियां विभिन्न मुद्राओं में स्थान-स्थान पर पत्थरों को काट कर, तराश कर बनाई गई हैं।

अलौकिक एवं अद्धितीय

चट्टानों को काटकर, तराश कर बनाई गई शिव, पार्वती, गणेश आदि की प्रस्तर प्रतिमाएं सूक्ष्म से सूक्ष्म भाव- भंगिमाओं को दर्शाते हैं, जो अलौकिक एवं अद्वितीय हैं। सजीव व बोलती-सी ये मूर्तियां, उस समय के शिल्पकारों, कलाकारों की महान एवं विलक्षण कला कौशल को देख, दर्शक-श्रद्धालु अचंभित रह जाते हैं। वास्तव में यह मूर्तिकला की पराकाष्ठा है, जो उस समय हिन्दू मंदिरों के निर्माण का स्वर्ण युग के नाम से जाना जाता है। लिंगराज मंदिर परिसर में कुल 108 छोटे-बड़े मंदिर हैं। हिन्दुओं के लगभग सभी आराध्य देवगणों के मंदिर इस परिसर में मौजूद हैं। इनमें नारायण जी, नरसिंह, शिव-पार्वती, लक्ष्मी-नारायण, गणेश, कार्तिक, वैद्यनाथ, शिव-काली, राम-सीता, कृष्ण आदि के हैं। इन मंदिरों के अपने-अपने पुजारी हैं। भुवनेश्वर के 10 किलोमीटर की परिधि के भीतर, एक कम एक लाख पच्चीस हजार मंदिर हैं। लेकिन उपलब्ध अभिलेखों एवं जानकारी के अनुसार, लगभग सात हजार से अधिक मंदिरों का उल्लेख नहीं मिलता है ।लिंगराज मंदिर में बारहों महीने प्रतिदिन दूर-पास से आने वाले भक्तगणों, श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी रहती है। लेकिन शिवरात्रि के दिन प्रात्काल से ही मंदिर में अत्यधिक भीड़ हो जाती है। जिस ओर भी दृष्टि डालें, अपार जनसमूह नज़र आता है। रात्रि में मंदिर में इतनी अधिक संख्या में लोग शिव जी एवं शिवलिंग के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ते हैं कि एक साथ आए लोग भीड़ में खोकर एक-दूसरे को ढूंढ़ने लगते हैं।

# इटावा के आयुष बने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के मीडिया प्रेसीडेंट



चेतन जैन

इटावा। इटावा के युवा छात्र आयुष कुमार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ का मीडिया प्रेसीडेंट नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतको व इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष तुषार डेढा ने राम लाल आनंद कालेज के छात्र आयुष कुमार को आज दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के मीडिया प्रेसीडेंट का नियुक्ति पत्र सौंपा। आयुष इटावा जिले के निवासी है और दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। आयुष को मीडिया प्रेसीडेंट बनाये जाने पर विधायक जसवन्तनगर प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, राम लाल आनंद कॉलेज छात्र संघ के कार्यकारिणी सदस्य नवीन यादव व रामलाल आनंद कालेज के छात्र आदित्य, अंश झा, आर्यन, बालमुकुंद, शशांक, सुमित, अग्रिम, गोवर्धन, राकेश, शिवम, मनमोहन, अभिषेक, अंकुर, हर्ष, प्रशांत यादव व इटावा जनपद के पत्रकार सर्वेन्द्र कुशवाह, सैफ तैमूरी, राजीव यादव, पंकज राठौर, आमीन भाई, राम नरेश पोरवाल, मनोज कुमार, ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा को लेकर जसवंतनगर में वार्ता

## ऐसा कोई सगा नही जिसे सपा ने ठगा नही ऐसा कोई बचा नही जो सपा से खफा नही:प्रकाश पाल



चेतन जैन
जसवंतनगर/इटावा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा की तैयारियों को लेकर जसवंतनगर चुनाव कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में चुनाव प्रबंधन समिति, कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुईबैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने 25 अप्रैल को जसवंतनगर के रामलीला मैदान में होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारी बैठक ली जहाँ उन्होंने सभा मे पचास हज़ार लोगो का लक्ष्य रखा है तथा सभी मंडल अध्यक्षों को अपने अपने मंडलो में प्रचार प्रसार कर 5 हजार लोगो का लाने का लक्ष्य दिया है।*बैठक को संबोधित करते हुए प्रकाश पाल ने कहा कि* ऐसा कोई सागा नही जिसको सपा ने ठगा नही। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बच्चे, बूढ़े महिलाओं और नौजवान को हमेशा ठगा है इसलिए आज ऐसा कोई बचा नही जो सपा से खफा नही।इंडी गठ बन्धन के सनातन विरोधी नेता लगातार सनातन को खत्म के लिए सनातन पर हमला कर रहे है,वहीं देश की जनता इन बार सनातन विरोधी नेताओ को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है । क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, बृज क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगरीय क्षेत्र में आम-जनमानस से संपर्क कर मुख्यमंत्री की सभा के लिए पीले चावल भेंटकर आमंत्रित किया। बैठक का कुशल संचालन विधानसभा संयोजक विकास भदौरिया ने किया।बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, विवेक शाक्य, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, क्षेत्रीय सह-मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता, आनंद राजपाल क्षेत्रीय मीडिया टीम के सदस्य नीरज गुप्ता रोहित अवस्थी, उपाध्यक्ष सुबोध तिवारी, जिला मंत्री राजकमल यादव, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, विधानसभा विस्तारक जॉनी राघव, मुकेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य, मण्डल अध्यक्ष व कोर कमेटी उपस्थित रहें।

# झूठ और लूट की भाजपा सरकार: डिंपल यादव

चेतन जैन
जसवंतनगर/इटावा

मैनपुरी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव को रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज में विधानसभा के बूथ सेक्टर प्रभारी प्रधान बीटीसी और बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ।जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को सपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की जिम्मेदारी दी गई। सम्मेलन से पूर्व सपा प्रत्याशी डिंपल यादव और सपा महासचिव क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव का वरिष्ठ सपा नेता प्रोश बृजेश यादव राहुल गुप्ता ठाश अजेंद्र सिंह गौर अनुज मोंटी यादव विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू




पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार आदि सपा नेताओ और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग टोलियो में फूल माला, गधा,तलवार,प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी और कहा यह नेताजी की कर्मभूमि है सपा का झंडा यहाँ से कभी नहीं झुकेगा।क्योंकि सपा के पास संगठन है जो लगातार काम करता है जब सरकार आती है या सरकार में हो हम लगातार सबके संपर्क में रहते हैं और जो भी दिक्कत होती है आप सब यह सूचना नेताओं तक पहुंचाते हैं और आप सबके दुख सुख में शामिल होते हैं।बीजेपी पर अटैक करते हुए कहा 2024 का लोकसभा चुनाव हो रहा है और कहीं ना कहीं यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र का बचाने का भी चुनाव है क्योंकि आज कोई भी वर्ग सभी अपने आप को अपेक्षित महसूस कर रहा है और जिस तरह यह लोग झूठी बातें बनाते हैं पूरा प्रदेश और देश जान गया है कि यह झूठ और लूट की सरकार है।हम सभी जानते हैं कि किस तरह भाजपा ने चंदे के माध्यम से भ्रष्टाचार पूरे देश किया।आज हमारा हर वर्ग अपने आप को मायूस पा रहा है।हमारा किसान भाई खेतों पर रात भर जाग रहा है।हमारा युवा वर्ग अग्नि वीर जैसी योजना से अपने को ठगा महसूस कर रहा है। इनकी गलत नीतियों ने देश को,राष्ट्र को कहीं ना कहीं नीचे दिखाने का काम किया है। ऐसी सरकार को हटाने का उत्तरदायित्व आप सब युवाओं और देशवासियों का है।धन्यवाद देना चाहती हूं कि आप सब यहां आए हैं और सबसे कहना चाहूंगी कि जिस तरह मुझे पिछले चुनाव में रिकॉर्ड जीत दिलायी थी।मुझे पूरा भरोसा है कि पिछली बार से ज्यादा रिकार्ड मतों से जसवंतनगर जीत दिलाएगा।भाजपा सरकार संविधान को मिटाना चाहती है और संविधान के माध्यम से जो हमें राजनीतिक सामाजिक आर्थिक सम्मान अधिकार मिला है उसका प्रयोग कर यह सही समय है सरकार हटती है तो उत्तर प्रदेश में भी सरकार हटाने का काम हो सकता है।साइकिल बढ़ रही है लेकिन स्पीड क्या होगी आप सब कितनी गति दे देंगे।जिनके परिवार नहीं है नहीं समझ पाएंगे कि परिवार का भावनात्मक रिश्ता क्या होता है यहां पर हर कार्यकर्ता समाजवादी परिवार का हिस्सा है हम सब एक परिवार है।सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मलखान सिंह,सर्वेश शाक्य, प्रदेश महासचिव अनीता यादव, बसपा द्वारा घोषित पूर्व प्रत्याशी गुलशन शाक्य,अनिल प्रताप यादव, एडवोकेट भुजबीर सिंह यादव, पूर्व प्रधानाचार्य रामपाल सिंह यादव व राजेंद्र प्रसाद यादव, मोहित यादव सनी, जितेंद्र यादव मोना,खन्ना यादव, हांजी मोहम्मद अहसान,राशिद सिद्दीकी, राजीव यादव राजपाल यादव अतुल बजाज आज बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल संसद के सदस्य करेंगे मतदाताओ को मतदान हेतु प्रेरित



चेतन जैन
जसवन्तनगर /इटावा

सामान्य लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हेतु जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी है इसी क्रम में मंगलवार को विकासखण्ड जसवन्तनगर में 50त्न से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों की समीक्षा हेतु ग्राम पंचायत में संचालित परिषदीय प्रधानाध्यापक संकुल शिक्षक सचिव के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई सम्बंधित ग्राम पंचायत के प्रधानाध्यापको से कम मतदान के कारणो को जाना और प्रधानाध्यापको सम्बन्धित पंचायत में अधिक से अधिक मतदान कैसे हो के लिए कार्ययोजना तैयार कर मतदाताओं को वोट डालने हेतु प्रेरित करने को कहा गया मुख्य विकास अधिकारी ने बताया जसवन्तनगर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बूथों पर 70त्न मतदान का लक्ष्य निर्धारित है जिसके लिए प्रधानाध्यापक और सचिव को निर्देशित किया है उन्होंने बताया विद्यालय में गठित बाल संसद के सदस्यों की टोली घर घर जाकर महिलाओं बुजुर्ग नौजवानों को वोट के उपयोग का महत्व बतायेगी और मतदान वाले दिन यह टोली सुबह और शाम को प्रत्येक घर पर मतदान करने का सन्देश देगे इस समीक्षा बैठक में ब्लाक के शिक्षाधिकारी नवाब वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी को आश्वस्त किया कि उनके बताए गये निर्देशो का पालन कर जसवन्तनगर जनपद में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाला ब्लाक बनेगा कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, खंड विकास अधिकारी जसवंतनगर स्वेता गर्ग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप मुकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नवाब सिंह वर्मा एस. आर. जी संजीव चतुर्वेदी, जिला स्काउट शिक्षक अच्युत कुमार आदि उपस्थित रहे

# 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है ताकि संविधान को बदला जा सके: राजा रामपाल



अकबरपुर लोकसभा के समाजवादी पार्टी - कांग्रेस पार्टी - आम आदमी पार्टी - इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल ने पनकी मंदिर, आनन्देश्वर मंदिर एवं गुमटी गुरुद्वारा में दर्शन करने के उपरान्त कम्पनी बाग चौराहे पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर मार्ल्यापण किया एवं नामांकन जुलुस शुरू हुआ। कम्पनी बाग चौराहे से शुरू हुए नामांकन जुलुस में सबसे आगे बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की झांकी चल रही थी जिसमें बाबा साहेब हाथ में संविधान लिये हुए थे। नामांकन जुलुस शुरू होते वक्त बाबा साहेब ने संविधान की किताब इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल को सौपी। राजाराम पाल ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ संविधान हाथ में लेकर शपथ ली कि संविधान की रक्षा के लिये हर संभव प्रयास करेंगे एवं संविधान से छेड़-छाड़ नहीं होने देंगे। नामांकन जुलुस में बाबा साहेब अम्बेडकर के साथ रथ में राजाराम पाल, सतीश निगम (पूर्व विधायक कल्याणपुर), नीरज गौड़,सम्राट विकास यादव, मुनीन्द्र शुक्ला,अमित पाण्डेय एवं नरेश कटियार मौजूद रहे। विशाल नामांकन जुलुस का कई जगह रास्ते में स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा की गयी। नामांकन जुलूस में समाजवादी पार्टी - कांग्रेस पार्टी - आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं हजारों कार्यकर्ता हाथ में झण्डा लिये पैदल एवं अपने वाहनों से चल रहे थे। नामांकन जुलुस का समापन कचहरी गेट पर हुआ एवं नामांकन कक्ष में राजाराम पाल के साथ सतीश निगम,मुनीन्द्र शुक्ला, नीरज गौड़ एवं एडवोकेट तेज बहादुर पाल साथ रहे। राजाराम पाल ने कहा आप सबकी मेहनत का कर्ज वह कभी नही चुका पायेंगे लेकिन वह हर कार्यकर्ता की समस्या के लिये दिन रात सदा हाजिर रहेंगे। राजाराम पाल ने कहा संविधान खतरे में है एवं 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है ताकि संविधान को बदला जा सके। यह चुनाव जीत हार का नहीं है बल्कि संविधान एवं देश को बचाने का है इसीलिए मैंने नामांकन कक्ष में संविधान की किताब को साथ ले जाकर नामांकन कराया है। प्रमुख रूप से साथ में इन्द्रजीत कोरी, वीरसेन यादव, एडवोकेट नरेशचन्द्र त्रिपाठी, मुनींद्र शुक्ला, अमित पाण्डेय,नरेश कटियार बबलू राजा,अमित सचान,ललित पाल मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों को ले जा रही मैक्स वाहन ट्रैक्टर ट्राली ने मारी टक्कर एक छात्र की मौत

लोक जन संदेश।



पयागपुर, बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। सेंट नॉरबर्ट स्कूल के छात्रों को मंगलवार दोपहर में मैक्स वाहन ले जा रहा था। गोंडा-बहराइच मार्ग पर नगरौर के पास मैक्स वाहन में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे कक्षा 10 के छात्र की मौत हो गई। जबकि अन्य छात्र बाल-बाल बच गए। परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम के शव लेकर घर चले गए हैं। कोतवाली देहात के गोंडा मार्ग पर सीबीएसई बोर्ड का सैंट नॉरबर्ट स्कूल संचालित होता है। इस स्कूल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के छात्र और छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। मंगलवार को अवकाश होने के बाद सैंट नॉरबर्ट स्कूल के छात्र मैक्स वाहन से अपने-अपने घर जा रहे थे। कोतवाली देहात के गोंडा बहराइच मार्ग पर नगरौर गांव के पास मैक्स वाहन पहुंची। तभी गोंडा की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन में मौजूद बच्चों में अफरा तफरी मच गई। हादसे में पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार निवासी कक्षा 10 सी के छात्र उत्सव शुक्ला (14) आनंद शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। उसका छात्र का सर फट गया। उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि वाहन चालक सतरही गांव निवासी लाल जी समेत अन्य बच्चे बाल बाल बच गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल में स्कूल के फादर प्रकाश, चौकी इंचार्ज संजय गौतम समेत अन्य पहुंचे। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। सभी रोते बिलखते शव लेकर घर चले गए। फादर प्रकाश ने बताया कि घटना दुखद है। सभी जानते हैं कि ट्रैक्टर ट्रॉली किस तरह चालक चलाते हैं।

# नाले के पास शौच करने गए बालक पर मगरमच्छ ने किया हमला

लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। बहराइच लखीमपुर जिले की सीमा पर स्थित रामपुर रेतिया गांव निवासी 17 वर्षीय राम मूर्ति पुत्र मुन्ना के गांव में हो रही पूजा में शिरकत करने गया था इस दौरान पास में ही मौजूद नाले के पास शौच करने के लिए चला गया इसी दौरान नाले से बाहर निकल कर आए मगरमच्छ ने उसे पर अचानक हमला कर दिया और बालक को खींचते हुए नाले में लेकर चला गया इस दौरान बालक ने काफी देर तक खुद संघर्ष कर अपनी जान बचाई और अपने परिजनों को सूचित किया। दुर्गम इलाकों के लिए वरदान साबित हो रही एंबुलेंस सेवा। बालक के परिजनों ने तत्काल सूचना वन कर्मियों के साथ-साथ एंबुलेंस 108 को दी, सूचना पाकर मौके पर एंबुलेंस ह्वश्च 32 द्गद्द 4652 पायलट शरीफ गाजी, ईएमटी मोहनलाल मौके पर पहुंचे घटना स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर था। इस दौरान ईएमटी मोहनलाल ने एंबुलेंस के अंदर ही जख्मी बालक का उपचार किया नाले के पास शौच करने गए बालक पर मगरमच्छ ने किया हमला मगरमच्छ से खुद संघर्ष कर बालक ने बचाई अपनी जान दुर्गम इलाकों के लिए वरदान साबित हो रही 108 एंबुलेंस सेवा। बहराइच लखीमपुर जिले की सीमा पर स्थित रामपुर रेतिया गांव निवासी 17 वर्षीय राम मूर्ति पुत्र मुन्ना के गांव में हो रही पूजा में शिरकत करने गया था इस दौरान पास में ही मौजूद नाले के पास शौच करने के लिए चला गया इसी दौरान नाले से बाहर निकल कर आए मगरमच्छ ने उसे पर अचानक हमला कर दिया और बालक को खींचते हुए नाले में लेकर चला गया इस दौरान बालक ने काफी देर तक खुद संघर्ष कर अपनी जान बचाई और अपने परिजनों को सूचित किया। दुर्गम इलाकों के लिए वरदान साबित हो रही एंबुलेंस सेवा।बालक के परिजनों ने तत्काल सूचना वन कर्मियों के साथ-साथ एंबुलेंस 108 को दी, सूचना पाकर मौके पर एंबुलेंस ह्वश्च 32 द्गद्द 4652 पायलट शरीफ गाजी, ईएमटी मोहनलाल मौके पर पहुंचे घटना स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर था। इस दौरान ईएमटी मोहनलाल ने एंबुलेंस के अंदर ही जख्मी बालक का उपचार किया। वहीं बहराइच के जिला प्रबंधक सुधीर मणि त्रिपाठी और जिला प्रभारी अनुपम मिश्र ने एंबुलेंस कर्मियों की सराहना की है। बालक को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले जाया गया जहां पर डॉ आशीष गुप्ता के साथ संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। गंभीर रूप से घायल 17 वर्षीय बालक राम मूर्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले जाया गया है मगरमच्छ के हमले में बालक का पैर जख्मी हुआ है। सूचना पाकर धोहरारा रेंज के वन दरोगा विशन कुमार वन रक्षक मोहित कुमार और जवाहर मौके पर पहुंचे बहराइच के जिला प्रबंधक सुधीर मणि त्रिपाठी और जिला प्रभारी अनुपम मिश्र ने एंबुलेंस कर्मियों की सराहना की है।

## अकबरपुर के गुरुकुलम के बच्चों ने चलाया जन जागरूक अभियान

### लोकसभा चुनाव के नजदीक आते मतदाता जागरूक अभियान के तहत







लोकजन संदेश
कानपुर देहात अकबरपुर नेहरू नगर स्थित गुरुकुलम ग्लोबल लर्निंग सेंटर के बच्चों ने आज घर-घर जाकर मतदान करने की अपील की कोई मतदाता छूट न पाए सत प्रतिशत वोट इस बार पूर्ण रूप से करें बच्चों ने सभी से वोट मांगते हुए कहा कि वोट हमारा अधिकार है और इस अधिकार का प्रयोग प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए।बच्चों ने बहुत सुंदर-सुंदर स्लोगन जैसे आलस को भगाएंगे वोट करने जाएंगे, से लोगों का मन मोहित किया मतदाता जागरूक रेलिया में विद्यालयों का अहम भूमिका रही है विद्यालय परिषद के बच्चों द्वारा लोगों को जागरूक करना मतदाता को मतदान के प्रति स्वतंत्र रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण भागीदारी रही विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर चंद्रशेखर पांडे प्रधानाचार्य तृप्ति दुबे दीप्ति दुबे अंकिता विभा शुभी पूजा साक्षी प्रिया दिव्या रेनू इत्यादि।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रों की जानकारी कर अपनी जांच आख्या निर्वाचन कार्यालय में शीघ्र उपलब्ध कराएं






लोकजन संदेश
कानपुर देहात आज जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में अकबरपुर रानिया लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होनें निर्वाचन में सभी को सतर्क रहने, सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु सचेत किया। उन्होंने कहा कि समय को व्यवस्थित करने से ही पूर्ण निष्पक्ष मतदान कर सकते हैं इसलिए समय पर सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित करना ही प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने सभी को निर्देश दिए की समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्र के वल्नरेबल , क्रिटिकल बूथों पर स्वयं जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जांच कर शीघ्र अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में प्रेषित करें। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत पाण्डेय एवं संबंधित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## स्वीप काकी ग्राम ग्राम जाकर मतदाता जागरुकता अभियान में करेंगी जन जागरुकता, मुख्य विकास अधिकारी की नवीन पहल



लोकजन संदेश
कानपुर देहात दिनांक 23 अप्रैल को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय के आदेश व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन के निर्देशो के क्रम में स्वीप गतिविधियों को और बढ़ावा देने हेतु व स्वीप कार्यक्रम को और गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय सिठुआपुर में अध्यनरत कक्षा 03 की छात्रा आरुषि को एक आइकॉन के रूप में स्वीप काकी का रूप प्रदान किया जिसका शुभारंभ स्वीप काकी के आइकॉन आरूषि को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पाण्डेय की उपस्थिति में अपने कार्यालय से किया गया। उन्होंने बताया कि स्वीप काकी की अभिनव पहल से जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा व जनता के मध्य स्वीप काकी जाकर मतदाता जागरूकता के संबंध में चर्चा करते हुए गांव-गांव में अभिभावकों, माताओं, बहनों और ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील भी करेंगी। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन समेत समस्त आगामी निर्वाचनों में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ साथ जनजागरूकता का भी कार्य खासकर युवा, दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं को उनके अमूल्य मत के प्रयोग को बढ़ावा देने में करेंगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में गूंजे घंटा घड़ियाल



बांदा-आज राम भक्त हनुमान बजरंगबली का जन्मोत्सव जनपद में धूमधाम से मनाया गया। शहर के श्रीसंकटमोचन मंदिर, रोडवेज बस स्टैंड, करियानाला हनुमान जी, अतर्रा रोड के महावीरन व गुढ़ा के हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। विभिन्न स्थानों पर बनी हुई बजरंगबली की मूर्ति का तमाम तरह के पंचामृत से स्नान कराया गया। इस बजरंगबली की अद्भुत पूजा में सैकड़ों भक्त शामिल हुए और सभी भक्तों को बजरंगबली को पूजन करने का अवसर प्राप्त हुआ। श्रीसंकटमोचन मंदिर में पुजारी उमाशंकरदास बजरंगबली का विधि विधान से श्रंगार कर पूजन किया। तिंदवारा के हनुमान मंदिर में पुजारी ने पूजन अर्चन किया। इसी तरह नरैनी रोड स्थित बीहर के हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। यहां एक बड़ी सी थाल में चुनरी से सजाकर अपने सिर पर लेकर निकले। गुढ़ा के हनुमान मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूजा अर्चन कर प्रसाद वितरित किया।

## गैंगस्टर एक्ट में पांच दोषियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास



बांदा। गैंगस्टर एक्ट के मामले में पांच दोषियों को विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट गुणेंद्र प्रकाश की अदालत ने पांच-पांच वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही पांचों को छह-छह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सभी पांचों दोषियों को सजायवी वारंट बनाकर कारागार भेज दिया गया हैं। विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना बबेरू के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने 10 नवंबर 2008 को प्राथमिकी दर्ज कराई। बच्चू सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह, महेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, कल्लू सिंह उर्फनरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्रगण परसन सिंह निवासी ग्राम तराया थाना बबेरू का एक संगठित गिरोह हैं। जिनके विरुद्ध थाना बबेरू में मु0अ0सं0 285/2008 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचक निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह द्वारा संपादित की गई थी। इसका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर बच्चू सिंह हैं। महेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, नागेंद्र सिंह, कल्लू सिंह उर्फनरेंद्र सिंह सक्रिय सदस्य है। हर प्रवृत्ति के जघन्य अपराध में शामिल हैं। यह सभी अभियुक्त एक ही परिवार के हैं। 14 सितंबर 2008 को इन सभी अभियुक्तों ने मिलकर अपने गांव तरायां के ही विवेक सिंह पुत्र लाला सिंह के ऊपर लाठी, डंडों, बरछी, कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से हमला किया था। बाद में विवेक सिंह की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हों गई थी। हत्या के और भी जघन्य अपराधो पर सभी अभियुक्तों के ऊपर गैंगस्टर की कार्यवाही की गई। इनके आतंक से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैली हुई हैं। जिसके फलस्वरूप इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराता हैं। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से चार गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यो के अवलोकन के बाद अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपने 28 पेज के आदेश में सभी पांचों आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

## जयमाला न लाने पर हुआ विवाद बिना दुल्हन लिए लौट गई बरात

लोकजन संदेश
कानपुर देहात मंगलपुर थानाक्षेत्र के चमरौवा में जयमाल कार्यक्रम के दौरान रविवार को जयमाला न लाने को लेकर वर, वधू पक्ष में विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा की बिना दुल्हन बरात लौट गई।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी झींझक क्षेत्र के चिरखरी निवासी युवक के साथ तय की थी। तय कार्यक्र के अनुसार रविवार को गांव आई। बरातियों का द्वारचार होने के बाद जयमाल के कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान वर पक्ष के लोगों से जयमाला मांगी गई। जयमाला लेकर न आने की बात सामने आते ही वधू पक्ष के लोग भड़क गए और दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया...दोनों पक्षों में सोमवार दोपहर तक होता रहा समझौता नहीं बनी बात, पुलिस बोली, घटना की जानकारी नहीं है विवाद को देखते हुए वर पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षो को समझा बुझाकर शांत करवा दिया। वहीं तमाम रिश्तेदार मान मनौव्वल में लगे रहे।सोमवार की सुबह सुबह तक दोनों पक्षों में शादी की सहमति नहीं बन पाई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे का सामान वापस कर समझौता कर लिया। इसके बाद बरात बिना दुल्हन के लौट गई। चौकी प्रभारी संदलपुर कौशलेंद्र ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## खिलाड़ियों को बांटी खेल किट व शूज

बांदा-जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के कर कमलों से स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बैडमिंटन खेल में-35, क्रिकेट खेल में-42, फुटबाल खेल में-42, हाकी खेल में-46, कबड्डी खेल में-61 कुल 226 खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप उक्त संबंधी खेलों की खेल किट व खेल शूज लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल, स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ये निर्देश दिये गये थे जो अवशेष खिलाड़ी खेल किट एवं खेल शूज से वंचित रह गये है उन्हें भी तत्काल खेल किट एवं खेल शूज उपलब्ध कराये जाये। इसी क्रम में बैडमिंटन खेल में-9, क्रिकेट खेल में 19, फुटबाल खेल में-6, हाकी खेल में-10 कुल 44 खिलाड़ियों को उनके खेल से संबंधित खेल किट एवं खेल शूज का वितरण अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, उप जिलाधिकारी सदर,, डिप्टी कलेक्टर/जिला क्रीड़ाधिकारी ने प्रदान किया। इस अवसर पर गजराज सिंह, अमित कुमार मण्डल, फरजाना, शिवप्रताप सिंह, आदि उपस्थित रहे।


## एसपी से हत्यारोपितों की गिरफ्तारी की मांग




बांदा-पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिवार ने शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना-बदौसा अंतर्गत धारा 302, 201, 34 आई0पी0सी0 के मुल्जिमान हत्यारों की गिरफ्तारी कराये जाने की मांग की गयी।

गुड्डो गुप्ता पत्नी मनोज उर्फ बबलू गुप्ता नि0ग्राम-तुर्रा थाना-बदौसा ने आरोप लगाते हुए बताया कि उपरोक्त मामले के हत्यारों की गिरफ्तारी मुकामी पुलिस द्वारा अभी तक नहीं की गयी। न ही किसी प्रकार की रूचि दिखाई पड़ रही है। हत्यारों से पीडित के बच्चों को भी खतरा है, क्योंकि हत्यारे एफ0आई0आर0 वापिस लेने की अनुचित दबाव बना रहे हैं। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि हत्यारे पहुंच पकड़ वाले प्रभावशाली पैसे वाले व्यक्ति हैं। समय रहते यदि हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो हत्यारे किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

## अतरहट गोशाला में धूप में जान गवां रहे गोवंश




बांदा- विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति पैलानी के तहसील अध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी तिंदवारी ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरहट में संचालित अस्थाई गौशाला में पहुंचे। देखा कि भीषण गर्मी में भी जहां तापमान लगभग 45 डिग्री के आसपास है और गोवंश खुले स्थान पर बैठने को मजबूर हैं। गौशाला में बाहर से ताला बंद था। कोई कर्मचारी नहीं था। गौशाला में न ही हरे चारे की व्यवस्था है, सिर्फ गोवंश को गौशाला के अंदर रखकर मारा जा रहा है। जिले के कुछ जिम्मेदार अधिकारी अभी भी कमीशनखोरी के चक्कर में गोवंश के लिए संपूर्ण किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी जिले में संचालित गौशाला में पहुंचकर गौशालयों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है जहां पर व्यवस्थाएं सही नहीं होती वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त करने हेतु जिला प्रशासन व शासन के पास शिकायत भेजी जाती है।

## तीन हत्यारोपियों की जमानत अर्जी खारिज

बांदा। नरैनी थाना में पंजीकृत दहेज हत्या के मामले में पति व कोतवाली देहात में पंजीकृत हत्या के मामले में दो की जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा0बब्बू सारंग की अदालत ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह परिहार व अपर शासकीय अधिवक्ता उमाशंकर पाल ने बताया कि नरैनी थाने में नसीम शेख द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसने अपनी पुत्री सूफिया खातून की शादी नरैनी थाना क्षेत्र के हडहा निवासी युसफपुत्र लतीफके साथ 22 मई 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक निकाह कराया था। अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर अपनी पुत्री को विदा किया था। शादी के दो तीन दिन बाद ही युसुफअपना व्यापार करने के लिए तीन लाख रुपया व एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगा। उसके समधी ने कहा कि मेरे लड़के को तीन लाख रुपया व मोटरसाइकिल दे दोगे तो वह बाहर कमाने नहीं जाएगा और तुम्हारी लड़की को आराम भी रहेगा। उक्त दहेज देने में उसने असमर्थता जतायी। तो उसने कहा कि मैं दूसरी शादी करवा लूंगा। 15 दिन बाद उसकी लड़की का फोन आया कि यह सब लोग मुझको प्रताड़ित करते हैं। 18 अगस्त 2023 को उसकी पत्नी के पास उसकी पुत्री सूफिया खातून का फोन आया कि मेरा ससुर लतीफ मेरे साथ गंदी हरकतें करता है। इससे प्रताड़ित होकर उसने 22 अगस्त 2023 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में युसुफकी जमानत अर्जी खारिज कर दी गयी। इधर कोतवाली देहात में विनोद कुमार पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका बड़ा भाई मनोज कुमार उर्फबबली पंजाब नेशनल बैंक में लोन दिलाने का काम करता था। 6 मार्च 2024 को उसका भाई मनोज करीब 11 बजे दिन में बांदा गया था। जब वापस नहीं लौटा न ही उसका फोन आया तो सभी लोगों ने 27 मार्च 2024 को बांदा आए और पता लगाया कि जौरही गांव के आगे जारी मोड़ पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एक शव पड़ा है। मौके पर जाकर देखा तो उसके भाई का शव था। इस मामले में राज पटेल पुत्र दिनेश निवासी पिंडारन थाना मर्का व चित्रकूट जनपद के पहाड़ी थाना क्षेत्र के कुचारन गांव निवासी आसेंद्र कुमार उर्फपिंटू पटेल की जमानत अर्जी खारिज कर दी गयी।

## पीड़िता ने पति को फंसाए जाने का लगाया आरोप

बांदा-कोतवाली नगर के ग्राम तिंदवारा निवासी विभा पत्नी रामलखन ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 16 अप्रैल की रात में कुछ लोग उसके घर जबरिया घुस आए। पूछने पर ब्रांच पुलिस के रूप में परिचय देकर गाली-गलौज व मारपीट की। पति को अपने साथ जबरिया ले गए। महिला ने बताया कि उसने मेडिकल कालेज चौकी, कोतवाली नगर व 1090 हेल्पलाइन में गुहार लगायी। बताया गया कि कुरसेजा पुलिस चौकी के इंचार्ज ने जबरिया उठाया और फर्जी कहलवा रहे हैं कि पति गांजा बेचता है। मारपीट की गयी। कई जगह चोटें आयी हैं। अब छोड़ने के नाम पर 50 हजार रुपया मांग रहे हैं। पीड़िता ने जांच कर कार्यवाही की मांग की हैं।

## हनुमान जयंती के अवसर पर पयागपुर में सजाया गया मेहंदीपुर वाले बालाजी का दरबार



लोक जन संदेश।
बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। पयागपुर के भूपगंज बाजार में स्थित दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में हनुमान जयंती के अवसर पर मेहंदीपुर वाले बालाजी का दरबार सजाया गया जहां पर भजन कीर्तन सवामनी प्रसाद एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने शामिल होकर पूजा अर्चना कर मंगल कामना की। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को सुबह 5 कुंडीय हवन कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें 51 श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बहराइच से आए हुए भजन गायक रमन प्रेमी ने बालाजी के भजनों का गुणगान किया। इसके अलावा प्रमुख भजन गायक श्याम बिहारी शर्मा मनोज अग्रवाल ने भी अपने-अपने प्रस्तुति दी। हनुमान जी के महिमा का गुणगान करते हुए इन लोगों ने भजनों की झड़ी लगा दी ।पप्पू शर्मा ने हनुमान जी की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि दुनिया में देव हजारों हैं।बजरंगबली का क्या कहना जिसको सुनकर लोग झूम उठे। इस अवसर पर गोंडा स्थित बालाजी मंदिर के महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति के अनूप पंसारी, विष्णु मित्तल, रितेश बगड़िया, दीपक रस्तोगी, सुशील निगम एवं श्याम सुंदर नौसरिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने उपमंडल के कई मतदान केन्द्रों का दौरा कर लिया सुविधाओं का जायजा



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग) एसडीएम एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी गुलजार मलिक ने सोमवार को विभिन्न गांवों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने छातर, अलेवा, खरकबुरा, दर्जुन, करसिन्धू व शाहपुर आदि गांव में स्थापित मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाओं को देखा और वहां मौजूद ग्रामीण से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी हैं। ऐसे में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों पर कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण नए मतदान केन्द्रों का गठन किया गया है। वैसे तो ज्यादातर नए मतदान केन्द्र पुराने परिसर में ही हैं, फिर भी यहां विशेष ध्यान दिया जाए। एसडीएम एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी गुलजार मलिक ने छातर गांव की सांभर पति की वाल्मीकि चौपाल में बने बूथ नम्बर 33 का भी औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण उपरान्त निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने गांव के सरपंच औमप्रकाश को निर्देश दिये कि वे तुरंत प्रभाव से वाल्मीकि चौपाल में रैम्प का निर्माण करके फोटो कार्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि जिन गांव में पोलिंग बूथ पंचायत घर, चौपालों में बनाए गए है, वहां पर बिजली, पानी, शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाना सरपंच का मुख्य काम होता है अगर सरपंच को किसी प्रकार की कोई दिक्कत आ रही है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देना सुनिश्चित करें ताकि कार्य को समय पर किया जा सके। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी होते है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर दूनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज गांव में आने का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित है, हर मतदाता को बिना संकोच के मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाता है तो उसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाने में दें। एसडीएम एवं उचाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी गुलजार मलिक ने बताया कि उपमंडल में 4 मॉडल बूथ भी बनाए गए है जिसमें उचाना कलां मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में दिव्यांगजन बूथ बनाया गया है इस बूथ पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रिक्शा व अन्य प्रकार की तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है, इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में सखी बूथ बनाया गया है इस बूथ पर महिला कर्मचारी ही डयूटी देगीं और मतदान के प्रति आमजन को प्रेरित करेंगी। उन्होंने बताया कि उपमंडल के गांव भौंगार में युवा बूथ बनाया गया है, इस बूथ पर युवा कर्मचारियों की ही डयूटी लगाई जाएगी और युवाओं को वोट के प्रति जागरूक किया जा रहा है, इसी प्रकार राजकीय प्राथमिक पाठशाला उचाना में भी मॉडल बूथ बनाया गया है।

# उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने उचाना मंडी का दौरा कर लिया फसल खरीद व्यवस्था का जायजा



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद , उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने सोमवार को उचाना अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद को लेकर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसानों को फसल बिक्री के दौरान मंडियों में कोई परेशानी नही होनी चाहिए। उठान कार्य में संबंधित ठेकेदार अपनी रुचि बनाए रखें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने अधिकारियों से पूछा की गेट पास,बारदाने व फसल खरीद में किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गेट पास की भी व्यवस्था पूरी तरह से व्यवस्थित रखें। एसडीएम ने खरीद ऐजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि वे फसल खरीद का कार्य निरंतर जारी रखें और मंडियों से फसल उठान का कार्य भी साथ-साथ करते रहे ताकि किसान मंडियों में अपनी फसल सहजता से उतार सके। अब मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है, इसलिए पर्याप्त व्यवस्थाएं पूर्ण रखें।गर्मी के मौसम के मध्य नजर पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए वाटर कुलरों की व्यवस्था मंडियों में की गई है। अगर पानी की कमी नजर आए तो तुरंत अतिरिक्त व्यवस्था करवाएं। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया है कि वे फसलों को सुखाकर मंडियों में लाएं ताकि फसल खरीद का कार्य तुरंत हो सके। उन्होंने कहा कि मंडियों में बिजली,पानी, बारदाने इत्यादि की समुचित व्यवस्था करके रखें। सम्बधित अधिकारियों ने बताया कि फसल खरीद को लेकर तमाम तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है और मंडियों में गेंहू की आवक भी जोरों पर है। फसल खरीद में किसी प्रकार की कोई परेशानी आडे नही आ रही है। एसडीएम ने मार्केट कमेटियों के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि अगर उन्हें फसल खरीद के कार्य में कोई भी अड़चन आ रही है तो तुरंत सूचित करें। हर समस्या का समाधान तुरंत करवाया जाएगा ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके तत्पश्चात उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक ने उचाना में स्थापित सभी धर्म कांटों का निरीक्षण किया और उन सभी धर्म कांटों पर स्वयं एसडीएम ने अपनी गाड़ी का वजन करवाया और सभी गाड़ियों में धर्मकांटों पर गाड़ी का वजन बराबर पाया गया। एसडीएम ने मौके पर ही सभी धर्मकांटों के प्रमाण- पत्र भी चैक किये गए जो सही पाए गए।इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव संदीप कुमार, पूर्व प्रधान दाड़न खाप दलबीर सिंह, मंडी एसोसियेशन प्रधान सत्यवान, हरदीप डूमरखां व लाला रामनिवास करसिन्धू सहित अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

# डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल, जींद के दस राष्ट्र स्तरीय विजेता खिलाड़ियों को एसपी जींद द्वारा किया गया सम्मानित



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

जींद, डी ए वी स्कूल थर्मल कॉलोनी, पानीपत में 20 अप्रैल शनिवार को महात्मा हंसराज जी की 161वीं जयंती मनाई गई7 इस अवसर पर डी.ए.वी. कालेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान व आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के निर्देशक श्री पूनम सूरी द्वारा विभिन्न डी ए वी संस्थाओं से आमंत्रित राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में विशिष्ट प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले खिलाड़ियों को ? 5100 की इनाम राशि देकर पुरस्कृत किया गया, जिसमें डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल,जींद से दस होनहार खिलाड़ी शामिल रहे विद्यालय पहुंचने पर सभी राष्ट्र स्तरीय खिलाड़ियों को माननीय पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया7 उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए व उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे लिए यह बड़े गौरव की बात है कि विद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपना विजयी परचम लहरा रहे हैं7 यह उनके अथक प्रयास व निरंतर मेहनत करने का ही फल है7 उन्होंने खिलाड़ियों के अभिभावक व खेल प्रशिक्षक की मेहनत व लगन की भी प्रशंसा की

# जल कल कर्मी आगामी 3 मई को जागरूकता रैली निकालेंगे



कानपुर नगर -आज संयुक्त सफाई कर्मचारी यूनियन जल कल विभाग नगर निगम कानपुर की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष सुनील सुमन की अध्यक्षता में हुई जिसमें देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से आगामी दिनांक 3-4-2024को सांयकाल जल कल कर्मी बेनाझाबर प्रांगण से रैली निकाल कर राष्ट्र हित मे लोक तंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों को शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे तथा लोगों से अपील करेंगे कि 13म ईको सारे काम को छोड़कर सबसे पहले मतदान कर राष्ट्र को मजबूत करें, बैठक में भारतीय मजदूर संघ के प्रान्तीय महामंत्री अनिल उपाध्याय, बी एल गुलाबिया, आर पी श्रीवास्तव एडवोकेट, रविन्द्र कुमार मधुर, सुशील सागर, सिकन्दर , अजय ,सनी कुसुम बक्सी, पूनम गौतम,समेत अनेको लोग मौजूद थे

# स्वीप योजनान्तर्गत मतदाताओं को जागरुक करने हेतु महिला शिक्षिकाओं द्वारा निकाली गयी स्कूटी रैली




दैनिक लोकजन संदेश

सुलतानपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप योजनान्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये शिक्षा विभाग की महिला शिक्षिकाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गयी। उक्त रैली का स्वीप कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आई0ए0एस0) वैशाली चोपड़ा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी सम्बोधित किया गया। उक्त स्कूटी रैली डायट प्रांगण से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। उक्त स्कूटी रैली जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुँची। महिला शिक्षिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नारे लगाये गये। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस रैली के सफल आयोजन पर महिला शिक्षिकाओं का उत्सावर्धन किया गया एवं आवाहन किया गया कि सभी मतदाताओं को जागरूक करने में एवं मतदान को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित समस्त महिला शिक्षिकाओं से अपील की गयी है कि अपने आस-पास के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करेंगी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा महिला शिक्षिकाओं को निर्देशित किया गया कि हाउसहोल्ड सर्वे के समय उपस्थित समस्त मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समन्वयक एम0डी0एम0 संदीप यादव, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, डॉ0 गायत्री सिंह, सीमा सिंह, अर्चना, चित्रांशी, एस0आर0 जी0 तनूजा पाण्डेय एवं समस्त प्रतिभागी महिला शिक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

# शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ने का हो रहा प्रयास- विद्यालय संयोजक बाल गोविन्द मौर्य



दैनिक लोकजन संदेश

सुलतानपुर बल्दीराय तहसील क्षेत्र के आदर्श श्री गोस्वामी बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज में कौशल विकास के तहत अध्यनरत बच्चों का असेसमेंट परीक्षा तृतीय बैच का संपन्न हुआ। क्षेत्र के आदर्श गोस्वामी बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज बिरधौरा में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ रोजगार देने के उद्देश्य से कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण चल रहा था।जिसमें तृतीय बैच के बच्चों का प्रशिक्षण समापन के उपरांत असेसमेंट परीक्षा निर्धारित किया गया था। प्रथम बैच में 16 बच्चे व द्वितीय बैच में 13 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए।कौशल विकास मिशन जिला समन्वयक मोनू दूबे के द्वारा बताया गया।कि ग्रामीण बच्चों को रोजगार देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण संचालित हो रहा था संस्था के द्वारा एक बेहतर तरह से प्रशिक्षित करते हुए ग्रामीण बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में निपुण कर परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। जिससे बच्चे स्वरोजगार के साथ अच्छे-अच्छे पदों पर कार्य कर अपना भरण पोषण आसानी से कर सकते हैं।संस्था संयोजन बाल गोविन्द मौर्य के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ना मेरा प्रमुख उद्देश्य है। जिसके क्रम में बच्चों को हमेशा रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।विभाग की तरफ से प्रयागराज से आये पर्यवेक्षक के दिशा निर्देशन में ऑनलाइन परीक्षा संपन्न हुई।इस मौके पर अनिल कुमार श्रीवास्तव ,दिलीप कुमार यादव, अखिलेश कुमार यादव समेत आनेको प्रशिक्षक गण उपस्थित रहे।

# जर्जर बिल्डिंग के नाम पर सब्जी विक्रेताओं को उजाड़ रही नगरपालिका : वरुण मिश्र



सुल्तानपुर नगरपालिका द्वारा सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं को जर्जर भवन के नाम पर नगरपालिका द्वारा दुकानें खाली करने का नोटिस दिया जा रहा है जिससे सैकड़ों सब्जी विक्रेताओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है नगरपालिका के पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में दर्जनों ऐसे स्थान है जहां दुकानों की स्थिति जर्जर है लेकिन सिर्फ सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेताओं को ही दुकान खाली करने का नोटिस देना समझ के बाहर है वह भी बिना उन्हें कहीं समायोजित किये ही उजाड़ देना कहाँ का न्याय है उन्होंने कहा कि वह ऐसा कतई नहीं होने देंगे नगरपालिका चेयरमैन अपने चहेतों को जगह आवंटित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं लेकिन वह सब्जी विक्रेताओं के साथ खड़े हैं उन्होंने कहा कि यदि सब्जी विक्रेताओं को जबरन उनकी दुकानों से निकाला गया तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे।इस संबंध में कल ही जिलाधिकारी से मुलाकात कर वह सब्जी ब्यापारियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराएंगे यदि फिर भी न्याय नहीं हुआ तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे।

# ह्यूम पाइप, डस्टबिन एवं बेन्च अनावश्यक रुप से और अधिक मूल्य पर खरीदने पर होगी कार्रवाई

दैनिक लोकजन संदेश


सुलतानपुरङ्क डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल ने जिले के सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित करते हुए कहा है कि संज्ञान में लाया गया है कि जनपद की कतिपय ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों द्वारा ह्यूम पाइप, डस्टबिन एवं बेन्च अनावश्यक रूप से भारी मात्रा में अधिक कीमत पर क्रय किया जा रहा है जबकि ह्यूम पाइप के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था कि ह्यूम पाइप जिस भी सड़क पर लगाया जाना हो उसके प्राक्कलन में ही ह्यूम पाइप की व्यवस्था की जाय और अनावश्यक रूप से हयूम पाइप का क्रय न किया जाय। डीपीआरओ ने कहा कि मेरे स्वयं और उच्चाधिकारियों के भ्रमण के दौरान हयूम पाइप इधर-उधर ग्राम में फेके हुये पाये जाते है तथा कतिपय ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के समय यह स्थिति प्रकाश में आयी है कि हयूम पाइप, डस्टबिन एवं बेन्च का भुगतान हो गया है, परन्तु भुगतान के सापेक्ष आपूर्ति नही हुयी है। ऐसी स्थिति में शासकीय धनराशि के दुरूपयोग की स्थिति परिलक्षित होती है।डीपीआरओ ने समस्त सहायक विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहे यदि बिना प्राक्कलन में सम्मिलित किये किसी भी ग्राम पंचायत में ड्यूम पाइप, डस्टबिन एवं बेन्च क्रय की गयी हो तो सम्बन्धित पंचायत सचिव का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आख्या अधोस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी ग्राम पंचायत में बिना प्राक्कलन में सम्मिलित किये एवं बिना किसी आवश्यकता के उक्त सामग्री का क्रय न किया जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित पंचायत सचिव के साथ-साथ पर्यवक्षेणीय रूप से आपका भी उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी

# अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने कराया नामांकन



कानपुर में अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल मंगलवार को नामांकन कराने पहुंचे। राजाराम पाल पूरे जोर शोर से अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। राजाराम पाल के साथ नामांकन कक्ष में सतीश निगम, नीरज सिंह, तेजबहादुर पाल, नरेश चंद्र त्रिपाठी गए । अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी नामांकन कराने के लिए हुजूम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पर पहुचे थे। मस्जिद के पास लगी बैरिकेटिंग के पास पुलिस ने सभी को रोक दिया केवल प्रत्याशी राजाराम पाल समेत पांच लोगों को अंदर जाने दिया। प्रत्याशियों को वहीं रोकने पर समर्थक पुलिस पर भड़क गए। सपा नेत्री नीलम रोमिला और समर्थक एसीपी अर्चना सिंह से बहस शुरू हो गई। काफी देर बहस होने के बाद सपाई शांत हो गए पुलिस ने किसी भी समर्थक को अंदर जाने नहीं दिया।

## फुटबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोच सत्येंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में खिलाडी करेंगे प्रतिभाग




कानपुर नगर , स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित फुटबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रेरणा स्पेशल स्कूल कैंटोनमेंट बोर्ड से कृष्णा अग्रवाल, मोहमद बिलाल कोच सत्येन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिभाग करेगे। स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित गोठिया कप फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2024 दिनांक 25 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 को ग्वालियर में आयोजित हो रही है जिसमें प्रेरणा स्पेशल स्कूल कैंटोनमेंट बोर्ड से कृष्णा अग्रवाल, और मोहमद बिलाल फुटबॉल में उत्तर प्रदेश स्पेशल ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से कोच सत्येन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिभाग करेंगे । कैंटोनमेंट बोर्ड मुख्य अधिशासी अधिकारी अनुज गोयल उपाध्यक्ष लखन लाल ओमार स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट सुब्रतो भद्र ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## खेत में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी




कानपुर नगर, खेत में एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। अफरा-तफरी के बीच घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड एकत्र हो गयी और पुलिस को जानकारी दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की और लोगों से जानकारी ली, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना नरवल क्षेत्र के टिकरान्ह गांव में एक खेत में सुबह एक युवक का शव पडा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर फैलते की घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गयी। बताया जाता है कि मृतक युवक गांव का रही रहने वाले गुलाब सिंह यादव का पुत्र 28 वर्षीय गिरधारी उर्फ सुजीत था। मौके पर मृतक औधें मुंह पडा हुआ था और उसके जूते पास में ही पडे थे। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा करते हुए लोगों से पूंछतांछ की गयी साथ ही ुरेंसिक फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराये गये। दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की बात कही है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्यवाही की गयी।

# राम मंदिर राजनीति का नहीं आस्था का केंद्र है : राजाराम पाल

**अब मोदी की गारंटी नहीं, मोदी का झूठ सबके सामने आ चुका है, अगर दस सालो में जनता को मिला है, तो सिर्फ झूठे वादे**

**समाजवादी पार्टी ने अकबरपुर लोकसभा सीट से राजाराम पाल पर अपना दांव लगाया है. राजाराम पाल पिछले दो चुनाव में इस सीट पर तीसरे नंबर पर रहे हैं और कांग्रेस से चुनाव लड़ा था. राजाराम पाल के राजनैतिक सफर की बात करें तो 1996 में बीएसपी ज्वाइन कर घाटमपुर विधानसभा से बीएसपी की टिकट पर चुनाव लड़ें और जीत दर्ज की. 1996 में पहली बार विधायक बने राजाराम ने 2004 में बिल्हौर लोकसभा सीट से बीएसपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा. उन्होंने इस चुनाव में भी जीत दर्ज की थी. हालांकि इसके बाद बीएसपी से नाराजगी बढ़ी और उन्होंने 2007 में कांग्रेस ज्वाइन कर ली. इसके बाद 2009 में कांग्रेस के टिकट पर अकबरपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की. लेकिन 2014 की मोदी लहर में इन्हें हार का सामना करना पड़ा था और तीसरे स्थान पर रहे थे. इसके बाद फिर 2019 में राजाराम पाल कांग्रेस के टिकट पर यहीं से चुनाव लड़े थे. हालांकि 2019 में उन्हें फिर से हार का सामना करना पड़ा. लेकिन 2021 में राजाराम पाल ने पाला बदला और सपा ज्वाइन की. अब सपा ने राजाराम पाल पर फिर से अकबरपुर में दांव लगाया है. राजनीति के जानकारों की माने तो राजाराम की ओबीसी वोटरों में अच्छी खासी पकड़ रही है. इस तबके पर पीडीए फॉर्मूले के तहत पार्टी की नजर होगी.**



लोकजन संदेश

कानपुर पहले चरण के मतदान के बाद सभी राजनैतिक पार्टियाँ अपनी अपनी जीत के दावे करके राजनीती को गर्मा रहे है ऐसे में सभी दल अपनी अपनी जीत के दावे करते देखे जा रहे है गठबंधन प्रत्याशी भी हर हाल में बीजेपी के रथ को रोकने के प्रयास में जुटे है आपको बताते चले की दैनिक लोकजन संदेश और यू.पी. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न्यूज़ एजेंसी जनमत न्यूज़ व शिवोहम एंटरटेनमेंट एंड मीडिया क्रियेशन संयुक्त रूप से लोक सभा चुनाव को लेकर विज़न भारत नाम से कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसके माध्यम से हम जानने का प्रयास करते है कि किस विज़न के माध्यम से जन प्रतिनिधि चुनाव में उतर रहे है ऐसे में कानपुर में होने वाले 13 मई के मतदान को लेकर हमारी टीम अकबरपुर लोक सभा से इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल से मुलाकात की और जानने की कोशिश की क्या कुछ तैयारियां चल रही है चुनाव में राजाराम पाल ने बताया कि अगर किसी भी क्षेत्र में मुकाम हासिल करना है तो किसी भी काम को पार्ट टाइम शार्ट टाइम नहीं करना चाहिए है इसलिए हमने राजनीती में आने के लिए कई राजनितिक दलों के राज नेताओ से मिला और किस रास्ते में चल कर समाज के उन करोड़ों दबे कुचले और समाज से वंचित लोगो के लिए कुछ किया जा सकता है क्या ? यह नब्बे के दशक की बात है लेकिन किसी भी दल के नेता ने इस सवाल का कोई भी जवाब नहीं दिया फिर मैंने अंतरात्मा की आवाज़ सुनी और स्वर्गीय कांशी राम जी से प्रेरित होकर सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक मुक्ति आन्दोलन से जुड़ा 2014 में भी चुनाव लड़ा लेकिन उस समय हमारे देश के प्रधानमंत्री ने गुजरात मॉडल का नारा दिया कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया विदेशो में जमा काला धन सौ दिन में लाने की बात कही और प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख देने की बात बोली, लेकिन वोटर ने सोचा की अगर 15 नहीं अगर 5 लाख भी आए तो पांच वोट के हिसाब से बीस से पच्चीस लाख रुपया आ ही जायेगा इस लालच में भोली भाली जनता ने वोट कर दिया जबकि वह जनता जुड़ी हमसे ही थी लेकिन लालच बुरी बाला है और हमारे बेचारे वोटर बीजेपी के इस जुमले में फंस गए वही देश के युवाओ को दो करोड़ नौकरी देने की बात कही, वह वादा भी पूरा नहीं किया आगे राजा राम पाल कहते है कि किसान की आय दो गुणा करने की बात कही वो भी नहीं की, साथ ही आम जनता को अच्छे दिनो का प्रलोभन दिया जिस पर जनता को धोखा मिला, कुल मिलाकर 2014 में किसानो, युवाओ, आम जनता को लालच देकर चुनाव जीत गए 2019 में पुलवामा काण्ड की वजह से चुनाव जीत गए लेकिन कही भी जनता से किये गए वादों को पूरा करने का काम नहीं किया जिससे जनता भली भांति जान चुकी है और मोदी जी का झूठ अब तो जग जाहिर हो चुका है राम मंदिर को लेकर अगर कोई राजनीती करता है तो यह गलत है राम या किसी के भी भगवान राजनीती से नहीं जुड़े है वह लोगो के दिलो और आस्था से जुड़े हुएं हैं कुल मिलाकर मंदिर का मुद्दा अब बीजेपी के लिए बचा नहीं तो राम मंदिर निर्माण को ही आगे कर रही है बात धारा 370 की तो वहां अभी चुनाव हुए नहीं है और आम जनता को धारा 370 हटने से क्या लाभ हुआ हैं यह चुनाव बाद जनता बता देंगी अडानी और अम्बानी को जमीनी दे दी गई और उनका ही फायदा हुआ होगा आम आदमी को इससे कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ हैं रही फ्री राशन की बात तो इस पर भी 5 किलो अनाज में दो बार चुनाव जीत चुके है खाद्य सुरक्षा विधेयक कांग्रेस की सरकार में पारित हुआ था जिसको आज प्रधान मंत्री अपना बता रहे है जिसमे अन्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आम आदमी को रोटी कपड़ा और मकान के मौलिक अधिकार मिल सके इससे पहले भी पिछली राजग की सरकार में प्रदेश में बिजली की समस्या से निजात के लिए और उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिले इसके लिए घाटमपुर में चार हज़ार मेगा वाट का पवार प्लांट की स्थापना की गई थी केलिन आज दस साल बाद भी इस विकासवादी सरकार उस कार्य को आगे नहीं बढ़ा पाई कानपुर से कबरई तक कानपुर सागर हाई वे का निर्माण करवाया गया जिसके बाद आज तक उस सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ जबकि इस बात की मांग उठाई जा रही है लेकिन उस ओर भी विकासवादी सरकार ध्यान नहीं दे रही है वही 25 से 30 सालो से बंद पड़ी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थान बिठुर की बंद पड़ी रेल लाइन को चालू करवाने का काम हमारी गठबंधन की सरकार ने किया लेकिन विकास का और स्मार्ट सिटी बनाने वाली सरकार कुछ नहीं कर पाई सभी धार्मिक स्थलों में हैण्ड पम्पो और सोलर लाइट लगवाने का कार्य भी किया गया दिव्यंगो को उनकी जरुरत की सामग्री और सहायता भी हमारे द्वारा पहुचाई गई लेकिन मौजूदा सरकार दलित, दिव्यांग, शोषित, किसान और बेरोजगार युवाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं इस सरकार ने अगर दस सालो में कुछ दिया है तो वह हिन्दू मुस्लिम, बुलडोजर और मंदिर-मस्जिद ही दे सकी है अब देश की जनता जान चुकी है और वह परिवर्तन सोच रही है और इस बार इंडिया गठबंधन जुमले वाली सरकार और मोदी की गारंटी वाली सरकार को रोकने का काम करेंगी और पहले चरण के मतदान के बाद यह एहसास भी एन.डी.ए गठबंधन को हो चुका है मतदाताओ से सहयोगियों से निवेदन करना चाहता हूँ यह चुनाव किसी को सांसद बनाने का नहीं है यह चुनाव लोक तंत्र बचाने का, किसानो को उनका हक़ दिलाने का, बेरोजगारों को नौकरी, महिलाओ को सुरक्षा दिलाने का चुनाव है इसलिए 13 मई को होने वाले मतदान में धूप गर्मी की परवाह न करते हुए घरों से निकल कर मतदान अवश्य करें

# छेड़छाड़ की शिकार युवती न्याय के लिए खा रही है दर दर की ठोकर



कानपुर नगर, थाना सजेती के बरिपाल निवासी युवती रौनक के साथ गांव के लड़के ने गलत नीयत से छेडछाड किया था जिसकी रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर ली थी 7 सजेती थाने के दरोगा यतेन्द्र पाल अभियुक्त व उसके परिवार से सांठ गांठ कर पीडित युवती व उसके परिवार को डराने धमकाने की कोशिष की आरोपी लडके को गिरफ्तार करने की बजाय उसे भागने में मदद की ीडिता का आरोप है की लम्बे समय से पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रही है लेकिन पुलिस अधिकारी दरोगा यतेन्द्र पाल से बात करने के बाद पीडिता की शिकायत कि शिकायत को नजरन्दाज कर रहे है 7 पीडिता अपनी मां के साथ पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंची थी 7 इस सम्बन्ध में दरोगा से जब बात कि गयी तो उसने मुकदमें में चार्टशीट लगाने की बात कही है7 उधर आरोपी लडका गांव बरिपाल पहुँच गया है और बेखौफ पीडिता को और उसके परिवार को मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है7कही सुनवाई ना होने पर पीडिता राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार कार्यालय मे पहुंची है 7 वीरेन्द्र कुमार ने कहा है की पीडिता को न्याय दिलाने के लिये पुलिस अधिकारियों से बात कि जायेगी

# जब खेत नहीं होगा तो पौधे उगाएगी हाइड्रोपोनिक्स..

कानपुर नगर, कानपुर के एस एन सेन बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज, कानपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के Days Scientists नामक इस श्रृंखला में आठ दिवसों में आठ वैज्ञानिक विज्ञान के अलग अलग विषयों पर व्याख्यान देंगे । सभी वैज्ञानिक कानपुर के ICAR-IIPR अर्थात् दलहन अनुसंधान संस्थान से आते हैं। द्वितीय दिवस पर वैज्ञानिक डॉ विजय लक्ष्मी का व्याख्यान हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रो सुमन ,रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो गार्गी यादव , वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा प्रीति सिंह ,डॉ शैल वाजपेयी , डॉ अमिता सिंह ने माल्यार्पण करके किया ।डॉ विजय लक्ष्मी ने पौधों तो आवश्यक मैक्रो और माइक्रो न्यूट्रीएंट आदि की आवश्यकता उनकी कमी से होने वाले रोग उनके लक्षण बताए । उन्होंने हाइड्रोपोनिक्स क्या है और किस प्रकार जहां पानी की कमी है जैसे अफ्रीका और जहां हर तरफ़ बर्फ है वहाँ किस प्रकार बिना मिट्टी हाइड्रोपोनिक्स के द्वार किस प्रकार पौधे उगाये जाते हैं । विश्व के साथ आश्चर्यों में शामिल बेबीलोन के हैंगिंग गार्डन का राज़ बताया । चिनंपास फ्लेटिंग आइलैंड और लंबी दूरी पार करने वाले जहानों में हाइड्रोपोनिक्स का उपयोग चित्रों के माध्यम से बताया ।साथ ही स्पेस शिप में हाइड्रोपोनिक्स



कैसे होती है । जब 2050 में जनसंख्या 9 मिलियन हो जाएगी तो हाइड्रोपोनिक्स ही समस्त विश्व को भोजन दिलाएगी विज्ञान संकाय के अतिरिक्त डॉ रचना निगम , प्रो मीनाक्षी व्यास, डॉ प्रीता अवस्थी , श्री अवधेश ने भी व्याख्यान के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया एवं लाभ उठाया ।

# कृषि के क्षेत्र में नवयुवकों के सपनों को पंख लगा रहा कृषि विश्व विद्यालय



कानपुर नगर, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनाओ को देखते छात्र छात्राएं सीएसए विश्वविद्यालय में कृषि स्नातक, परास्नातक एवं पी एचडी कोर्स में न केवल प्रवेश ले रहे हैं बल्कि कृषि शिक्षा के साथ कृषि शोध में महारत हासिल कर अपने सपनों को भी सरकार कर रहे हैं। इस सम्बंध में डॉ सिंह ने बताया कि कृषि क्षेत्र में तरह-तरह के तकनीकी बदलाव किए जा रहे हैं। यही वजह है कि आज युवाओं की रुचि कृषि क्षेत्र में कैरियर बनाने की ज्यादा दिखाई दे रही है कुलपति ने बताया कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ फसल उत्पादकता बढ़ाना ही नहीं है बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की जरूरत के मुताबिक भी तैयार करना है। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं कृषि विश्वविद्यालय से स्नातक पर स्नातक एवं पीएचडी करके प्रशासनिक पदों के साथ ही अन्य संबंधित विभागों में अधिकारी/कर्मचारी के रूप में चयनित हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि कृषि क्षेत्र में युवाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए यूपीकैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म 17 मार्च से भरे जा रहे हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 मई 2024 है।तथा ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2024 है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए छात्र छात्राएं https://upca tet.org Øæ www. svpuat. edu.in का अद्यतन अवलोकन करते रहें।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email:
knplokjansandesh@gmail.com
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299